परिणाम बजट

OUTCOME BUDGET

2015-16

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

विधि और न्याय मंत्रालय

Ministry of Law and Justice



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

परिणाम बजट
OUTCOME BUDGET
2015-2016

विधि और न्याय मंत्रालय
Ministry of Law And Justice

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	अध्याय	विषय	पृष्ठ
1.	i.	कृत्य और संगठनात्मक	1–7
2.	ii.	वित्तीय और परिणाम बजट	8–11
3.	iii.	सुधार उपाय और नीति संबंधी पहल	12–23
4.	iv.	कार्य निष्पादन समीक्षा पिछले लक्ष्यों की समीक्षा	24–32
5.	v.	वित्तीय समीक्षा और व्यय की प्रवृत्तियां	33–34
6.	vi.	संविधानिक और स्वायता निकायों के कार्य निष्पादन की समीक्षा	35–40
7.	उपाबंध–i	संगठनात्मक चार्ट, विधि कार्य विभाग	41
8.	उपाबंध–ii	संगठनात्मक चार्ट, विधायी विभाग	42
9.	उपाबंध–iii	संगठनात्मक चार्ट, न्याय विभाग	43
10.	उपाबंध–iv	वित्तीय परिव्यय, प्राक्कलित वास्तविक निष्कर्ष एंव प्राक्कलित/ बजटीय परिणाम	44–51
11.	उपाबंध–v	योजनागत/योजनेतर स्कीमों के संबंध में लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धियां	52–59
12.	उपाबंध–vi	कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित विवरण तालिका	60
13.	उपाबंध–vii	मांग सं. 64 वित्तीय समीक्षा और व्यय की प्रवृत्तियों का स्कीम–वार विवरण	61
14.	उपाबंध–viii	लंबित उपयोग प्रमाणपत्रों का विवरण	62
15.		2014–15 अनुदान उपशीर्ष पर व्यय का विवरण	63–69
16.		शीर्षवार व्यय का विवरण	70

अध्याय 1

1. कृत्य और संगठन

संघ के विधि और न्याय मंत्रालय में तीन विभाग हैं, अर्थात विधि कार्य विभाग, विधायी विभाग और न्याय विभाग। उन विभागों के माध्यम से मंत्रालय संविधान में अधिकथित उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में व्यवस्थिरत परिवर्तन की प्रक्रिया में सहायता करता है।

2. जहां तक सरकार के क्रमशः विधायी कारोबार तथा मंत्रालयों/विभागों को विधिक मामलों में सलाह देने का संबंध है, विधायी विभाग और विधि कार्य विभाग सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करते हैं। अतरू उक्त दोनों विभागों के पास ऐसी कोई विनिर्दिष्ट स्कीमें नहीं हैं, जिन्हें विनिर्दिष्ट और परिमाणात्मक कार्यपालन के रूप में निष्पादित किया जा सके।

2. विधि कार्य विभाग

कृत्य और उत्तरदायित्व

1.1 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अनुसार इस विभाग को निम्नलिखित कार्य मदों का आबंटन किया गया हैः–

(क) विधिक विषयों पर मंत्रालयों को सलाह देना, जिसके अंतर्गत संविधान और विधियों का निर्वचन, हस्तांतरण–लेखन और उच्च न्यायालयों तथा अधीनस्थ न्यायालयों में ऐसे मामलों में, जिनमें भारत संघ एक पक्षकार है, भारत संघ की ओर से उपसंजात होने के लिए काउंसेल नियोजित करना है।

(ख) भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और राज्यों की बाबत केन्द्रीय सरकार के अन्य विधि अधिकारी, जिनकी सेवाओं का उपयोग मंत्रालयों द्वारा समान रूप से किया जाता है।

(ग) केन्द्रीय सरकार और केन्द्रीय अभिकरण स्कीम में भाग लेने वाली राज्य सरकारों की ओर से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में मामलों का संचालन करना।

(घ) सिविल वादों में समनों की तामील, सिविल न्यायालयों की डिक्री के निष्पादन, भरणपोषण के आदेशों के प्रवर्तन और भारत में मृत विदेशी व्यसक्तिययों की संपदाओं के प्रशासन के लिए विदेशों के साथ आपसी व्यवस्था।

(ङ) संविधान के अनुच्छेद 299(1) के अधीन राष्ट्रपति की ओर से संविदाओं के निष्पादन और संपत्ति के हस्तांतरण–पत्रों के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा किए गए या उसके विरुद्ध किए गए वादों में वाद–पत्रों या लिखित कथनों पर हस्ताक्षर करने और उन्हें सत्यापित करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत करना।

(च) भारतीय विधि सेवा।

(छ) सिविल विधि के मामलों में विदेशों के साथ संधि और करार करना।

(ज) विधि आयोग।

(झ) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) सहित विधि व्यवसाय और उच्च न्यायालयों के समक्ष व्यवसाय करने के लिए पात्र व्यक्ति।

(ञ) उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता की परिधि को बढ़ाना और उसे और अधिक शक्तियां प्रदान करना; उच्चतम न्यायालय के समक्ष व्यवसाय करने के लिए पात्र व्यक्ति; भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन उच्चतम न्यायालय को निर्देश।

(ट) नोटेरी अधिनियम, 1952 (1952 का 53) का प्रशासन।

(ठ) आय–कर अपीलीय अधिकरण।

(ड) विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण।

(ढ) निर्धनों को कानूनी सहायता।

2. विभाग को निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन का कार्य भी सौंपा गया हैः–

(i) नोटरी अधिनियम, 1952

(ii) अधिवक्ता, अधिनियम, 1961

(iii) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 ;

(iv) अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम, 2001

(v) राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005

1.2. यह विभाग विदेशी मुद्रा अपील अधिकरण, आय–कर अपीलीय अधिकरण, राष्ट्रीय कर अधिकरण और भारत के विधि आयोग का प्रशासनिक प्रभारी भी है। यह विभाग भारतीय विधि सेवा से संबंधित सभी विषयों से भी प्रशासनिक रूप से संबद्ध है। इसके अतिरिक्त, यह विधि अधिकारियों, अर्थात भारत के महान्यायवादी, भारत के महासालिसिटर और भारत के अपर महासालिसिटरों की नियुक्ति से भी जुड़ा है। विधि के क्षेत्र में अध्ययन और शोध को बढ़ावा देने व वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को प्रोत्साहन देने तथा विधि व्यवसाय में सुधार लाने के उद्देश्य से यह विभाग इन क्षेत्रों में कार्य कर रहे कुछ संस्थानों जैसे कि भारतीय विधि संस्थान, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र, संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान तथा भारतीय बार काउंसिल को सहायता अनुदान प्रदान करता है।

3. संगठन की संरचना

विधि कार्य विभाग की व्यवस्था दो सोपानों में है, अर्थात नई दिल्ली स्थित मुख्य सचिवालय और मुम्बई, कोलकाता, चेन्नै एवं बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय। विभाग के कर्तव्यों की प्रकृति को मुख्यतः दो क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है। सलाह कार्य और मुकदमा संबंधी कार्य। विभाग का संगठनात्मक चार्ट अनुलग्नक–I में दिया गया है

(क) मुख्य सचिवालय–:

(i) मुख्य सचिवालय में अधिकारियों की जो व्यवस्था है उसके अन्तर्गत विधि सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार तथा विभिन्न स्तरों पर अन्य विधि सलाहकार हैं। विधिक सलाह देने और हस्तांतरण–लेखन से संबंधित कार्य को अधिकारियों के समूहों में वितरित किया गया है। सामान्यतरू, प्रत्येक समूह का प्रधान एक अपर सचिव या संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार होता है, जिसकी सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर अन्यक विधि सलाहकार हैं।

(ii) उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों और कुछ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की ओर से मुकदमा–कार्य का संचालन केन्द्रीय अभिकरण अनुभाग करता है। इस समय इस अनुभाग के प्रधान एक अपर सचिव हैं।

(iii) दिल्ली उच्च न्यायालय में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों की ओर से मुकदमा–कार्य का संचालन मुकदमा (उच्च न्यायालय) अनुभाग करता है। इस समय इस अनुभाग के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं।

(iv) दिल्ली में अधीनस्थ न्यायालयों में मुकदमा संबंधी कार्य की देखभाल मुकदमा (निचला न्यायालय) अनुभाग करता है। इस समय इस अनुभाग के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं।

(v) विभाग में एक विशेष सेल अर्थात् कार्यान्वयन सेल है, जिसका कार्य विधि आयोग की सिफारिशों को क्रियान्वित करने तथा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के प्रशासन से संबंधित कार्य करना है। यह विधि व्यवसाय से संबंधित कार्य भी देखता है। यह सेल राष्ट्रीय कर अधिकरण अधिनियम, 2005 का कार्य भी देखता है और इसे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन समन्वयन का कार्य भी सौंपा गया है।

(vi) रेलवे बोर्ड, दूरसंचार विभाग और केन्द्रीय जांच ब्यूरो, प्रत्येक में संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक–एक स्वीकृत पद है और इन पदों के पदधारी उक्त कार्यालयों में ही कार्य करते हैं। लोक उद्यम विभाग में भी संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार का एक पद स्वीकृत है और पदधारी अधिकारी उक्त विभाग में माध्यस्थम के स्थायी तंत्र की स्कीम के अधीन मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। एक अपर विधि सलाहकार पूर्ति और निपटान महानिदेशालय में माध्यस्थम के मामलों में मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, एक उप विधि सलाहकार रक्षा मंत्रालय के अधीन सेना क्रय संगठन में कार्यरत है और विभिन्न स्तरों के कुछ अधिकारी, जैसे कि अपर विधि सलाहकार, उप विधि सलाहकार और सहायक विधि सलाहकार, रक्षा मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और पूर्ति और निपटान महानिदेशालय और न्याय विभाग में भी तैनात हैं।

(ख) शाखा सचिवालय, मुंबई :–

मुंबई स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार हैं। उनकी सहायता के लिए अपर विधि सलाहकार, उप विधि सलाहकार, सहायक विधि सलाहकार और अन्य सहायक कर्मचारिवृंद हैं। इस शाखा सचिवालय में मुकदमा कार्य एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता और तीन अपर सरकारी अधिवक्ताओं द्वारा किया जाता है।

(ग) शाखा सचिवालय, कोलकाता :–

कोलकाता स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ता हैं, जिनकी सहायता के लिए अपर विधि सलाहकार, उप विधि सलाहकार, सहायक विधि सलाहकार और अन्य सहायक कर्मचारिवृंद हैं। इस शाखा सचिवालय में मुकदमा–कार्य का संचालन एक वरिष्ठन सरकारी अधिवक्तां और दो अपर सरकारी अधिवक्ताओं द्वारा किया जाता है।

(घ) शाखा सचिवालय, चेन्नैः–

चेन्नै स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं। उनकी सहायता के लिए सहायक विधि सलाहकार और अन्य सहायक कर्मचारिवृंद हैं।

(ड.) शाखा सचिवालय, बंगलूरुः–

बंगलूरु स्थित शाखा सचिवालय के प्रधान एक उप विधि सलाहकार हैं।

4 विधायी विभाग

जहाँ तक संघीय सरकार के विधायी कारबार का संबंध है, विधायी विभाग मुख्य रूप से एक सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करता हैं इसलिए इसके पास ऐसी विशिष्ट स्कीमें नहीं हैं, जिन्हें विनिर्दिष्ट और परिणामात्मक कार्यपालन के रूप में निष्पादित किया जा सके। तथापि, एक सेवा प्रदाता के रूप में यह विभाग विभिन्न प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों के विधायी प्रस्तावों की सुगम एवं त्वरित रूप से संसाधित करने का कार्य सुनिश्चित करता है।

विधायी विभाग से मुख्य रूप से संबंधित विषय–वस्तुओं की रूपरेखा निम्नानुसार है :

(i) सभी विधायी प्रस्तावों के संबंध में मंत्रिमण्डल के लिए टिप्पणों की प्रारूपण एवं सांविधानिक दृष्टि से संवीक्षा करना;

(ii) सभी सरकारी विधेयकों को, जिनके अन्तर्गत संविधान (संशोधन) विधेयक भी है, संसद में पुरःस्थापित करने से पहले उनका प्रारूपण तैयार करना, उनका अनुवाद करना और विधेयकों के अंग्रेजी और हिन्दी, दोनों पाठ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय को भेजनाः विधेयक से सरकारी संशोधनों का प्रारूप तैयार करना, गैर–सरकारी संशोधनों की संवीक्षा करना और प्रशासनिक विभागों तथा मंत्रालयों को यह विनिश्चय करने में सहायता देना कि गैर–सरकारी संशोधन स्वीकार किए जाने योग्य हैं या नहीं;

(iii) अधिनियमित किए जाने से पहले विधेयक जिन प्रक्रमों से होकर गुजरता है उन सभी प्रक्रमों पर संसद, संसद की संयुक्त, चयन तथा स्थायी समितियों की सहायता करना। इसके अन्तर्गत समितियों के लिए रिपोर्टों तथा पुनरीक्षित विधेयकों की संवीक्षा करना और उन्हें तैयार करने में सहायता देना भी शामिल है;

(iv) राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किए जाने वाले अध्यादेशों का प्रारूप तैयार करना;

(v) जिन राज्यों में राष्ट्रपति शासन हो, उनके संबंध में राष्ट्रपति के अधिनियमों के रूप में अधिनियमित किए जाने वाले विधान का प्रारूप तैयार करना;

(vi) राष्ट्रपति द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों का प्रारूप तैयार करना;

(vii) सांविधानिक आदेशों अर्थात् उन आदेशों का प्रारूप तैयार करना, जिनका संविधान के अधीन जारी किया जाना अपेक्षित है;

(viii) सभी कानूनी नियमों, विनियमों, आदेशों, अधिसूचनाओ, संकल्पों और स्कीमों, आदि की संवीक्षा और विधीक्षा करना तथा हिन्दी में उनका अनुवाद करना;

(ix) समवर्ती क्षेत्र के ऐसे राज्य विधान की संवीक्षा करना, जिसके लिए संविधान के अनुच्छेद 254 के अधीन राष्ट्रपति की अनुमति अपेक्षित है;

(x) संघ राज्य क्षेत्रों के विधान–मंडलों द्वारा अधिनियमित किए जाने वाले विधानों की संवीक्षा करना;

(xi) संसद, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्राों के विधान–मंडलो, राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन;

(xii) निर्वाचनों में हुए व्यय का केन्द्र और राज्यों/विधान–मंडल वाले संघ राज्यक्षेत्रों के बीच प्रभाजनः

(xiii) भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन सुधार;

(xiv) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 का प्रशासन;

(xv) निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्त सेवा–शर्त और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1991 के अधीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से संबंधित विषय;

(xvi) संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन संबंधी मामलें;

(xvii) संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के अंतर्गत स्वीय विधियों, संपत्ति अंतरण, संविदाओं, साक्ष्य और सिविल प्रक्रिया आदि से संबंधित विषयों पर विधान;

(xviii) संघ एवं राज्य सरकारों आदि के अधिकारियों को विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण प्रदान करना;

(ix) केन्द्रीय अधिनियमों, आध्यादेशों और विनियमों का प्रकाशन तथा हिन्दी और संवधिान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट अन्य भाषाओं में उनके प्राधिकृत अनुवादों का प्रकाशन करना और विधिक तथा कानूनी दस्तावेजों का भी अनुवाद करना।

(xx) सांविधिक, सिविल तथा दंडिक विधियों से संबंधित मामलों में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के चयनित निर्णयों की हिन्दी अनुवाद का पत्रिकाओं के रूप में प्रकाशन;

2. विधायी विभाग के नियन्त्रणाधीन कोई कानूनी या स्वशासी निकाय नहीं है। इसके अधीन दो अन्य खण्ड हैं अर्थात्, राजभाषा खंड और विधि साहित्य प्रकाशन, जो विधि के क्षेत्र में हिन्दी और अन्य राजभाषाओं के प्रसार के लिए उत्तरादायी हैं।

(क) विधायी विभाग का राजभाषा खंड मानक विधि शब्दावली तैयार करने और प्रकाशित करने और राजभाषा अधिनियम, 1963 के अधीन यथाअपेक्षित संसद में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों, सभी केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों, अधीनस्य विधानों आदि का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए उत्तरादायी है। यह खण्ड प्राधिकृत पाठ (केन्द्रीय विधि) अधिनियम, 1973 के अधीन यथाअपेक्षित संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट राजभाषाअें में कन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों आदि के अनुवाद की व्यवस्था करने के लिए भी उत्तरादायी है। राजभाषा खण्ड, हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और प्रसार में लगे विभिन्न रजिस्ट्रीकृत स्वैच्छिक संगठनों और ऐसे संगठनों को, जो प्रत्यक्ष रूप से विधिक साहित्य के प्रकाशन और विधि के क्षेत्र में हिन्दी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसार में लगे हैं, सहायता अनुदान भी जारी करता है।

(ख) विधि साहित्य प्रकाशन प्रमुख रूप से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रतिवेद्य निर्णयों के प्राधिकृत हिन्दी पाठ प्रकाशित करने से संबद्ध हैं, जिसका उद्देश्य विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का संवर्धन करना है। इस संबंध में, विधि साहित्य प्रकाशन हिन्दी में विधि साहित्य के विभिन्न प्रकाशन निकालता है। हिन्दी में उपलब्ध विधि साहित्य के व्यापक प्रचार एवं विक्रय हेतु यह विभिनन राज्यों के उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों तथा विधि महाविद्यालयों में प्रदर्शनियां भी लगाता है। हिन्दी में विधि पुस्तकों के लेखन, अनुवाद एवं प्रकाशन तथा पाठ्य पुस्तक अथवा संदर्भ पुस्तक के रूप में प्रयोग हेतु ऐसी पुस्तकों को पुरस्कार प्रदान करने की स्कीम के अन्तर्गत 5,00,000/– (पाँच लाख रु. मात्र) तक के पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस स्कीम के अन्तर्गत, हिन्दी में उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए वार्षिक रूप से 50,000/– रू. (पचास हजार रु. मात्र) के प्रथम पुरस्कार, रु. 30,000/– (तीस हजार रु. मात्र) के द्वितीय पुरस्कार तथा रु. 20,000/– (बीस हजार रु. मात्र) के तृत्तीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

3. विधायी विभाग के संगठनात्मक गठन में सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी, अपर विधायी परामर्शी उपाधायी परामर्शी तथा सहायक विधायी परामर्शी सम्मिलित हैं। सभी प्रकार के प्रमुख विधानों के

संबंध में विधायी प्रारूपण और विभिन्न कानूनों के तहत अधीनस्थ विधान की संवीक्षा और विधीक्षा से संबंधित कार्य अधिकारियों के समूहों को वितरित किए गए हैं। प्रत्येक समूह का प्रधान एक संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शी अथवा अपर सचिव होता है जिसकी सहायता विभिन्न स्तरों पर अनेक विधायी परामर्शी करते हैं। सचिव मुख्य संसदीय परामर्शी के रूप में कार्य करते हैं तथा अपर सचिव सभी अधीनस्थ विधानों के प्रभारी हैं। विधायी विभाग (मुख्य) का संगठनात्मक चार्ट अनुलग्नक–II पर है।

5. न्याय विभाग

न्याय विभाग (डी.ओ.जे.), विधि एवं न्याय मंत्रालय (एम.ओ.एल.एंड जे.) का एक अंग है। न्याय विभाग को गृह मंत्रालय (एम.एच.ए.) द्वारा प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

भारत सरकार (कार्य संचालन) नियमावली, 1961 के अनुसार, न्याय विभाग द्वारा संभाले जा रहे विषयों में निम्नलिखित शामिल हैंः–

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र तथा उन्हें पद से हटाना; उनका वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति संबंधी अधिकार (अवकाश भत्तों सहित), पेंशन और यात्रा संबंधी भत्ते।
2. राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति, त्यागपत्र तथा पद से हटाना आदि, उनका वेतन, अनुपस्थिति की अनुमति संबंधी अधिकार (अवकाश भत्तों सहित), पेंशन और यात्रा संबंधी भत्ते।
3. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायिक आयुक्तों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति।
4. उच्चतम न्यायालय का संघटन और संगठन (क्षेत्राधिकार और शक्तियों को छोड़कर) (किन्तु इस प्रकार के न्यायालय की अवमानना सहित) तथा उनमें लिया जाने वाला शुल्क।
5. उच्च न्यायालयों और न्यायिक आयुक्तों के न्यायालयों का संघटन और संगठन सिवाय इन न्यायालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंधित उपबंधों के।
6. संघ राज्य क्षेत्रों में न्याय का प्रशासन और न्यायालयों का संघटन और संगठन तथा इस प्रकार के न्यायालयों में लिया जाने वाला शुल्क।
7. संघ राज्य क्षेत्रों में न्यायालय शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी।
8. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का सृजन।
9. जिला न्यायाधीशों और संघ राज्य क्षेत्रों की उच्चतर न्यायिक सेवा के अन्य सदस्यों की सेवा संबंधी शर्तें।
10. किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का किसी संघ राज्य क्षेत्र तक विस्तारित करना अथवा किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार से किसी संघ राज्य क्षेत्र को बाहर रखना।
11. गरीबों को विधिक सहायता
12. न्याय प्रशासन
13. न्याय तक पहुंच, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार

6. <u>संगठनात्मक ढांचा</u>

विभाग के प्रमुख सचिव (न्याय) हैं जो भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के वरिष्ठ अधिकारी है। सचिव,

(न्याय) के अतिरिक्त, इसके संगठनात्मक ढांचे में तीन संयुक्त सचिव, पांच निदेशक/उप सचिव और सात अवर सचिव शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े मामलों के अतिरिक्त, इस विभाग को हाल ही में गठित न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन के सहित योजनागत एवं योजनेतर स्कीमों के कार्यान्वयन एवं उनकी निगरानी का कार्य भी सौंपा गया है। विभाग का वर्तमान संगठनात्मक ढांचा अनुलग्नक–III पर है।

विभाग द्वारा कार्यान्वित और निगरानी की जा रही योजनाएं

न्याय विभाग द्वारा क्रियान्वित और निगरानी की जा रही योजनाएं निम्नानुसार हैं:–

7.1. योजनागत स्कीमें

न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया गया है और इसकी अवधि 12वीं पंचवर्षीय योजना के साथ–साथ है। यह उन मुद्दों के निराकरण का एक मंच प्रदान करता है जो न्यायपालिका के निष्पादन को प्रभावित करते हैं। राष्ट्रीय मिशन में जोर दिया जाने वाला क्षेत्र अधीनस्थ न्यायपालिका में अवसंरचना का विकास है। निम्नलिखित अन्य स्कीमें/कार्यक्रम भी राष्ट्रीय मिशन के लक्ष्यों में सहायता प्रदान करते हैं:–

1. न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजना'।
2. जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण की योजना। यह योजना ''ई–न्यायालय एम एम पी'' नाम से एक मिशन मोड परियोजना के तौर पर क्रियान्वित की जा रही है।
3. न्याय तक पहुंच–भारत सरकार की परियोजना।
4. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू एन डी पी) से बाह्य रूप से सहायता प्रदत्त परियोजना, ''भारत में कमजोर वर्गों की न्याय तक पहुंच''।
5. ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 के संचालन हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता'।
6. न्यायिक सुधार संबंधी कार्य अनुसंधान और अध्ययन।
7. मॉडल न्यायालयों की स्थापना (यह योजना अभी अनुमोदित की जानी है)।

7.2. योजनेत्तर स्कीमें:

न्याय विभाग द्वारा कार्यान्वित एवं निगरानी की जा रही योजनेतर स्कीमें निम्नानुसार हैं।

1. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल को इसके संचालन व्यय को पूरा करने हेतु सहायता अनुदान।
2. कुटुम्ब न्यायालयों को संचालित करने के लिए राज्यों को विनिर्दिष्ट दरों पर केन्द्रीय सहायता।
3. विधिक कार्यक्रम की निगरानी एवं उसका मूल्यांकन करने तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नीतियां और सिद्धान्त निर्धारित करना।

'न्याय विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनागत एवं योजनेतर स्कीमें और इसके द्वारा संभाले जाने वाले विषयों का लक्ष्य सुगठित न्यायिक प्रशासन को सुकर बनाने, न्यायालयों में मामलों के बैकलॉग एवं लंबितता को कम करने के लिए उच्च न्यायालयों एवं राज्यों को सहायता मुहैया कराना है।

अध्याय–2

वित्तीय और परिणाम बजट

भाग–I

वर्ष 2015–2016 के लिए अनुदान संख्या 64– विधि और न्याय के संबंध में स्कीम–वार बजट संबंधी आबंटनों का सारणीबद्ध प्रारूप निम्नलिखित अनुसार है :

(रुपए करोड़ में)

		2015––2016 बजट		
अनुदान सं0 64	**मुख्य शीर्ष**	**योजना**	**गैर––योजना**	**योग**
विधि और न्याय	**राजस्व**	806.65	2717.00	3523.65
	पूंजी	0	102.75	102.75
	योग	1103.00	2614.25	3420.90
1. सचिवालय–साधारण सेवाएं				
1.01 विधि कार्य विभाग	2052	0	46.93	46.93
1.02 विदेशी मुद्रा विनिमय अपीलीय अधिकरण (ए टी एफ इ)	2052	0	9.32	9.32
1.03 विधायी विभाग	2052	0	17.63	17.63
1.04 न्याय विभाग	2052	0	6.47	6.47
1.05 अन्य	2052	0	28.31	28.31
योग		0	108.66	108.66
2. राज्य के अंग				0
2.01 निर्वाचन	2015	0	1555.40	1555.40
2.02 सामान्य निर्वाचन व्यय	2015	0	547.00	547.00
2.03 मतदाताओं को पहचान पत्र जारी करना	2015	0	40.00	40.00
योग		0	2142.40	2142.40
3. राजवित्तीय सेवाएं				0.00
3.01 आय–कर अपीलीय अधिकरण	2020	0	146.05	146.05
3.02 राष्ट्रीय कर अधिकरण	2020	0	0.03	0.03
योग		0	146.08	146.08
4. न्याय प्रशासन				0.00
4.01 राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी	2014	0	10.74	10.74
4.02 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण	2014	2.00	0.00	2.00

4.03 विशेष न्यायालय (कुटुम्बू न्याकयालय)	3601	0	5.00	5.00
4.05 विधानमंडल रहित संघ राज्यक्षेत्रों को न्यायपालिका हेतु अवसंरनचनात्मक सुविधा के लिए सहायता अनुदान	2014	0.00	0.00	0
4.06 अन्य व्यय	2014		181.50	181.50
4.07.01–02 भारत में न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ बनाना (एस.ए.जे.आई)	2014	5.00	0.00	5.00
4.08 न्याएयिक वितरण और कानूनी सुधारों के लिए राष्ट्रीय मिशन	2014	219.30	197.26	416.56
4.10 अंतर्राष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र	2014	0.00	0.02	0.02
4.11 राज्यर सरकारों को ग्राम न्यायालयों की स्थापना एवं उनकें संचालय के लिए सहायता अनुदान	2014	0.01	0.00	0.01
योग	–	219.30	197.26	416.56
5. अन्य प्रशासनिक सेवाएं	–			
5.01 न्यायपालिका के लिए अवसंरचना सुविधाएं	3601	443.69	0.00	443.69
5.02 संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को सहायता अनुदान	3602	63.00	0	63.00
5.03 अन्य कार्यक्रम	2070	0.00	19.85	19.85
5.04 अन्य प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित पूंजी निर्गत	4070	0	102.75	102.75
योग		506.69	122.60	629.29
6. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ की परियोजनाओं/स्कीमों के लिए एकमुश्त प्रावधान	2552	80.66	0.00	80.66
योग		80.66	0.00	80.66
कुल योग		**806.65**	**2717.00**	**3523.65**

अध्याय–2

भाग–II

2. न्याय विभाग

वित्तीय और परिणाम बजट के बीच तदनुरूपता स्थापित करने के लिए बजट अनुमानों के विवरण की उर्ध्वाकार (वर्टिकल) कमी और क्षैतिज (होरिजेंटल) विस्तार दर्शाने वाला तालिकाबद्ध प्रारूप (वर्ष 2015–16 के लिए न्याय विभाग के लिए प्रस्तावित बजटीय आबंटन निम्नानुसार हैं)

(रुपये करोड़ में)

	शीर्ष	2015–16 बजट (प्रस्तावित)		
		योजना	योजनेतर	कुल
	राजस्व			
सचिवालय–सामान्य सेवाएं				
न्याय विभाग, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन सहित	2052	0.00	7.46	10.32
	2052		2.86	
पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों से इतर अन्य राज्यों के लिए न्यायपालिका हेतु अवसंरचना संबंधी सुविधाएं	3601	443.69	0.00	443.69
न्याय पालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं हेतु विधायिका रहित एवं विधायिका सहित संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान	3602	63.00	0.00	63.00
अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के लिए सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों को सहायता अनुदान	2552	56.30	0.00	56.30
ग्राम न्यादयालय की स्थापना और संचालन के लिए राज्योंा को सहायता	3601	0.01	0.00	0.01
जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण (ई–न्यायालय–चरण–I)	2014	2.00	0.00	2.00
जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण (ई–न्यायालय–चरण–II)	2014	227.13	0.00	227.13
न्याय तक पहुंच– भारत सरकार (सिक्किम और जम्मू एवं कश्मीर सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के 08 राज्य)	2014	7.00	0.00	7.00
भारत में कमज़ोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच (यूएनडीपी) (ईएपी) एसएजेआई (चरण–II)	2014	5.00	0.00	5.00

न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन	2014	2.50	0.00	2.50
मॉडल न्यायालयों की स्थापना*	2014	0.01	0.00	0.01
राष्ट्रीय मिशन–कार्य योजना का कार्यान्वयन**	2014	0.01	0.00	0.01
न्याय का प्रशासन				
राष्ट्रीय न्यायायिक अकादमी (एन जे ए)	2014	0.00	10.86	10.86
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा)	2052	0.00	145.00	145.00
कुटुम्ब न्यायालय	3601	0.00	5.00	5.00
कुल		**806.65**	**171.18**	**977.83**

वित्तीय परिव्यायों, संभावित वास्तविक परिणामों और संभावित/बजटीय परिणामों, चाहे वे मध्यवर्ती/आंशिक और अन्तिम, जैसा भी मामला हो, के ब्यौरे **अनुलग्नक–IV** में दिए गए हैं। वर्ष 2015–16 के लिए न्याय विभाग की योजनागत स्कीमों के संबंध में लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धियों को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–V** में है।

अध्याय–3

भाग–I

सुधार उपाय और नीति सम्बन्धी पहल

1. विधायी विभाग

विधायी विभाग एक सेवा उन्मुख विभाग है और इस प्रकार उसके पास ऐसी काई विनिर्दिष्ट स्कीमें नहीं हैं जिन्हें विनिर्दिष्ट भौतिक और परिमाणात्मक कार्य पालन से संबद्ध किया जा सके और मानीटर किए जा सकने योग्य कार्यपालन पैरामीटरों में निष्पादित किया जा सके। तथापि विधायी विभाग द्वारा नीचे वर्णित कतिपय पहल की गई हैं।

2. विधायी प्रारूपण एवं अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.)

विधायी प्रारूपण एक विशिष्ट कार्य है जिसमें प्रारूपण कौशल एवं विशेषज्ञता शामिल है। विधि प्रारूपण में ऐसे कौशल को बढ़ाने के लिए सतत् एवं निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होती है। विधायी प्रारूपण की अपनी चुनौतियां हैं और सटीक तथा स्पष्ट विधान के प्रारूपण के लिए विशेषज्ञता अपेक्षित है। मौजूदा उपलब्ध व्यक्तियों की विधायी प्रारूपण में योग्यता और कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण की आवश्यकता होती है। देश में प्रशिक्षित विधायी प्रारूपकारों की उपलब्धता में वृद्धि करने की दृष्टि से जनवरी, 1989 में विधायी प्रारूपण और अनुसंधान संस्थान (आई.एल.डी.आर.) की स्थापना विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के एक खण्ड के रूप में की गई थी। अपनी स्थपना के आरंभ से यह संस्थान विधायी प्रारूपण में सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहा है। संस्थान द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं:–

(i) केन्द्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए विधायी प्रारूपण में तीन महीने की अवधि की बुनियादी पाठ्यक्रमय

(ii) केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों तथा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के माध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए दो सप्ताह की अवधि का मूल्यांकन पाठ्यक्रम।

अपनी स्थापना के आरंभ से आई.एल.डी.आर. ने छब्बीस बुनियादी पाठ्यक्रम तथा विधायी प्रारूपण के सत्रह मूल्यांकन पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है।

2.1 हिन्दी में विशेष मूल्यांकन पाठ्यक्र

विभिन्न राजय सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों, जहाँ विधायी प्रारूपण का कार्य हिन्दी में किया जाता है, के अधिकारियों की सुविधा के लिए 10 नवंबर, 2014 से 10 दिसंबर, 2014 तक एक विशेष विधायी प्रारूपण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 7 अधिकारियों ने इसमें भाग लिया तथा इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। यहां यह उल्लेखनीय है कि विधायी प्रारूपण का आयोजन ऐसे समय पर किया गया जब आई.एल.डी.आर. ने देश में अपनी स्थापना तथा विधायी परामर्शी समुदाय के उल्लेखनीय सेवा प्रदाता के रूप में 25 वर्ष पूरे किए हैं।

2.2 आंतरिक प्रशिक्षण

इस विभाग के अधिकारियों के लाभ के लिए 27.10.2014 को आंतरिक प्रशिक्षण दिया गया। यह पाठ्यक्रम

भारतीय विधिक सेवा के सभी अधिकारियों/अधीक्षकों (विधि) तथा सहायकों (विधि) के लाभ के लिए शुरू किया गया है जिसे विधायन के सटीक प्रारूपण के लिए विधायी प्रारूपण में उनकी निपुणता बढ़ाने के लिए रूपांकित किया गया है।

2.3 परिणाम रूपरेखा दस्तावेज

केन्द्र सरकार ने प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के संबंध में निष्पादन मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन प्रणाली (पीएमईएस) स्थापित करने का निर्णय लिया है। परिणाम रूपरेखा दस्तावेज़ (आरएफडी) एक कन्द्रीय प्रणाली है जिसे पीएमईएस के कार्यान्वयन हेतु डिजाईन किया गया है। मंत्रीमंडल सचिवालय का कार्यनिष्पादन प्रबंधन डिविजन (पीएमडी), आरएफडी की तैयारी तथा कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग करता है। विधायी विभाग के लिए आरएफडी तैयार करके इसे अंतिम रूप देकर इसे इस विभाग की वेबसाईट पर डाल दिया गया है। आरएफडी 2014–15 के अनुसार कार्य किए जा रहे हैं ताकि इस विभाग द्वारा उत्कृष्ट निष्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

2.4 आई.एल.डी.आर. एक आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित संस्थान

आर.एफ.डी. 2014–15 में विभाग द्वारा की गई प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में आइ.एल.डी.आर. आई.एस.ओ. प्रमाण लेने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई। परिणामतः एक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यू.एम.एस.) विकसित की गई तथा आइ.एल.डी.आर. में रखी गई। तत्पश्चात्, आंतरिक तथा बाह्य ऑडिट किया गया और अंततः आइ.एल.डी.आर. को उसमें क्यू.एम.एस. के कार्य का मूल्यांकन के आधार पर आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणन प्रदान किया गया। आई. एल.डी.आर. को आई.एस.ओ. प्रमाणन दिए जाने के पश्चात् प्रमाणन निकाय द्वारा एक निरीक्षण लेखापरीक्षा की गई है।

2.5 विधायन इत्यादि के क्षेत्र में कम्प्यूटर तकनीक तथा इंटरनेट और निकनेट पर भारत संहिता

विभाग के पास मंत्रालय की वेबसाइट पर इंडिया कोड में निहित केन्द्रीय अधिनियमों की पुनः प्राप्ति का इंडिया कोड सूचना सिस्टम (आई.एन.सी.ओ.डी.आई.एस.) कार्यक्रम है। यह एक वेब समर्थित डाटाबेस है जिसमें अखिल भारतीय अनुप्रयोग के अनिरसित केन्द्रीय अधिनियमों को रखा गया है। यह पूर्ण रूप से टेक्स्ट सर्च की सुविधा प्रदान करता है तथा इसमें वर्ष 1834 से अब तक के सारे केन्द्रीय अधिनियम उपलब्ध हैं। यह विभाग राष्ट्रीय सूचना केन्द्र द्वारा विकसित किए गए इस पुनः प्राप्ति कार्यक्रम का संसद के अधिनियमों की पुनः प्राप्ति के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इस कार्यक्रम द्वारा मुख्य तथा अधीनस्थ विधायन के प्रारूपण एवं विधीक्षा में विधायी परामर्शियों को भी मदद मिल रही है। संसद के अधिनियमों को अद्यतन करने का कार्य इस विभाग द्वारा किया जाता है तथा यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यह विभाग इंडिया कोड संबंधी संपूर्ण डाटा को अद्यतन करने के लिए सरकार के संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के साथ समन्वय कर रहा है। कथित पुनः प्राप्ति प्रणाली के साथ–साथ मुख्य पृष्ठ (होम पेज) जिसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। इंटरनेट पर www.indiacode.nic.in उपलब्ध है। संसद में पेश नवीनतम अधिनियमों तथा प्रख्यापित अध्यादेशों को भी इस वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय सूचना केन्द्र इनकोडिस के अलावा विविध सपोर्ट सुविधाएँ जैसे, इंडिया कोड इंफॅमेशन सिस्टम का नियमित अपडेशन तथा रख–रखाव, व्यापक डीडीओ पे–रोल सिस्टमए ई–मेल आदि प्रदान करता है। सभी अप्रबंधनीय नेटवर्क डेवाईस को प्रबंधनीय स्विचों में बदल कर विभाग के लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन) की पुनः संरचना की गई है। जिससे नेटवर्क की सुरक्षा और गति में वृद्धि हुई है। सारे नेटवर्क के आधार को पहले ही फाईवर ऑप्टिक केबल में बदला जा चुका है। मुख्य सचिवालय के सभी अनुभागों, अवर सचिव स्तर तथा इससे उच्चतर अधिकारियों तथा मुख्य अधिकारियो के वैयिक्तिक सहायकों को कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं और उन्हें एलएएन से जोड़ा गया है। प्रबंधनीय नेटवर्क डिवाईसिस द्वारा राजभाषा खंड में एलएएन स्थापित किया गया है। विधि साहित्य

प्रकाशन में एल.ए.एन. स्थापित करने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

विधायी विभाग के अधिकारिक वेबपेज को नया तथा उन्नत रूप देने के लिए एन.आई.सी. सेल की सहायता से इसकी पुर्नरचना की गई है।

वेबपेज को अधिक आकर्षण रूप में पुर्नरचित तथा प्रसारित किया गया है ताकि इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, कार्य संरचना, किए गए कार्य, संचालित किए गए पाठ्यक्रम, महत्वपूर्ण कार्यक्रम और घोषणाएँ, महत्वपूर्ण लिंक आदि प्रतिबिंबित हों तथा साथ ही दी गईं सेवाओं की भी अभिव्यक्ति हो।

3. अधिनियमों/नियमावलियों आदि का प्रकाशन

प्रकाशन अनुभाग समय–समय पर केन्द्रीय अधिनियमों और भारत का संविधान, निर्वाचन विधि निर्देशिका, भारत का संविधान के अधीन जारी किए गए आदेशों, कूननी परिभाषाओं की अनुक्रमाणिक और संसदीय अधिनियमों की वार्षिक जिल्द आदि जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रकाशनों के उपांतरित संस्करण निकालता रहता है।

भारत का संविधान के नवीन संशोधनों को पुस्तक रूप में डिग्लॉट संस्करण के लिए सम्मिलित किया गया है। इंडिया कोड खण्ड 32 से 37 विभिन्न स्तरों पर प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2010 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड को पुस्तिका के रूप में मुद्रण के लिए भेजा जा चुका है। वर्ष 2011 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड को पुस्तिका के रूप में मुद्रण के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया अंतिम स्तर पर है। वर्ष 2012 तथा 2013 के लिए संसद के अधिनियमों के वार्षिक खण्ड का पुस्तिका के रूप में संकलन प्रक्रियाधीन है। 7 केन्द्रीय अधिनियमों के संशोधित अंग्रेजी संस्करणों की हस्तलिपि, जिसमें नवीन संशोधन भी यथावत सम्मलित है, को तैयार और उनकी जांच की गई है, तथा डिग्लॉट संस्करण के लिए राजभाषा खण्ड को भेज दी गई है।

4. इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन (ई.वी.एम.)

वर्ष 1982 के प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग दो दशक से भी ज्यादा समय में सार्वदेशिक हो पाया और वर्ष 2004 में लोक सभा के आम चुनावों के दौरान देशभर के सभी मतदान केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों का प्रयोग किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों कोए भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से संयुक्त रूप से दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अर्थात् ईसीआईएल (इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद) और बीईएल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूर) के साथ मिलकर 1989 में विकसित किया गया था।

4.1 वर्ष 1998 से उनका बार–बार प्रयोग एक अभूतपूर्व सफलता सिद्ध हुआ है। प्रथम चरण का आकलन वर्ष 2000 में किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों में अंतःस्थापित अभिकल्प धारण एवं सॉफ्टवेयर इन दो कंपनियों द्वारा विकसित किया गया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो.पी.वी. इन्द्रेसन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा तकनीकी समर्थन और मूल्यांकन के बाद इसके लिए पेटेंट दाखिल करवा दिया गया है। इस बीच इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की दक्षता को कई चुनावों में जांचा गया है। न्यायिक निर्णयों द्वारा भी चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की दक्षता का समर्थन किया गया है।

4.2 स्वामित्व एकक होने के नाते इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन कहीं भी आसानी से उपलब्ध होने वाला उत्पाद नहीं है। इसलिए, नई इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों का प्रापण न केवल खुले टेंडर द्वारा अव्यावहारिक है बल्कि ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनें ईसीआईएल तथा बीईएल द्वारा विकसित और निर्मित की गई थीं।

4.3 इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों के अब तक के प्रापण का विवरण निम्नलिखित अनुसार है।

क्रम सं.	खरीद का वर्ष	कुल इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन	स्वीकृत धनराशि (रुपयों में)
1.	1989–90	150000	750000000
2.	2000–2001	142631	1499880443
3.	2001–2002	135481	1422900000
4.	2002–2003	190592	2006100000
5.	2003–2004	336045	3530000000
6.	2004–2005	125681	1315400000
7.	2006–2007	250000	2893742332
8.	2008–2009	180000	1900000000
9.	2009–2010	100000 जमा 27000 बैलेट यूनिट	1139294685
10.	2013–14	382876 जमा 251651 बैलेट यूनिट	3116900000
	योग	1610430 जमा 409876 जमा 251651 बैलेट यूनिट	19574217460

वर्ष 2010–11 तथा 2011–12 तथा 2014–15 के दौरान, कोई ईवीएम प्राप्त नहीं की गई। चूंकि, आयोग द्वारा पहले ही वर्ष 2015–16 के लिए उत्पादकों से इलैक्ट्रॉनिक मतदान मशीन और वीवीपीटी का क्रय प्रस्तावित है, अतः वर्ष 2015–16 के लिए शीर्ष "ईवीएम" के अंतर्गत रु. 400–00 करोड की राशि तय की गई है।

5. मतदान फोटो पहचान–पत्रों की प्रगति की प्रास्थिति (ई.पी.आई.सी.)

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता फोटो पहचान–पत्रों का उपयोग धीरे–धीरे और निश्चित रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल, सहज और तीव्र बना रहा है। निर्वाचन आयोग ने 1993 में निर्वाचनों में जाली मतदान और निर्वाचनों में मतदाताओं के प्रतिरूपण को रोकने के लिए पूरे देश में मतदाताओं को फोटो पहचान–पत्र जारी करने का विनिश्चय किया था। निर्वाचक नामावली, रजिस्ट्रीकृत मतदाताओं को मतदाता फोटा पहचान–पत्र जारी करने का आधार है। निर्वाचक नामावलियों को प्रत्येक वर्ष अर्हक तारीख के रूप में 1 जनवरी को पुनरीक्षित किया जाता है। ऐसे सभी व्यक्ति, जो उस तारीख को 18 वर्ष या अधिक की आयु प्राप्त कर चुके हैंए निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने के पात्र हैं और उसके लिए आवेदन कर सकते हैं। एक बार नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने पर, वे मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्राप्त करने के हकदार हो जाएंगे। अतः मतदाता फोटो पहचान–पत्र जारी करने की स्कीम एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके पूरा होने के लिए कोई समय–सीमा नियत नहीं की जा सकती, क्योंकि और व्यक्तियों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर मताधिकार के लिए पात्र हो जाने के कारण निर्वाचकों का रजिस्ट्रीकरण (नामांकन फाइल करने और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने की अंतिम तारीख के बीच की संक्षिप्त अवधि

को छोड़कर) एक सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। आयोग का निरंतर यह प्रयास रहा है कि ऐसे निर्वाचकों कोए जो पूर्व के अभियानों में छूट गए हैं उन्हें और साथ ही नए निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान–पत्र प्रदान किए जाएं। निर्वाचन आयोग, जो निर्वाचकों को फोटो पहचान–पत्र जारी किए जाने की स्कीम के कार्यान्वयन का संपूर्ण भारसाधक है, नियमित रूप से उसकी प्रगति का प्रबोधन करता है।

5.2 निर्वाचन आयोग का प्रयास यह है कि जहां तक व्यवहार्य होए मतदाता फोटो पहचान–पत्र योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाए। मतदाता फोटो पहचान–पत्र को जारी करने के लिए आयोग ने कोई नियत समय सीमा नहीं निर्धारित की है। हालांकि उन सभी व्यक्तियों को जल्द ही जल्द मतदाता पहचान–पत्र जारी करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो निर्वाचक नामावली में पहले ही नामांकित हैं, इनमें से कुछ प्रयास निम्नानुसार हैं–

(i) सभी मतदाओं के मतदता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए विशेष फोटोग्राफी अभियान चलाये जाते हैं।

(ii) मतदाताओं को अपने फोटो की प्रतियां देने की अनुमति है जोकि मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए स्कैन की जाती हैं।

(iii) सभी मतदाताओं की फोटो एकत्र करने तथा मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनाने के लिए आयोग द्वारा बूथ लेवल अफसरों की नियुक्ति की गई है।

(iv) मतदाताओं के नामांकन पर ध्यान केंद्रित करने तथा ई.पी.आई.सी. बनाने के लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया है।

(v) मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान–पत्र बनवाने की प्रक्रिया के बारे में निर्वाचकों को सूचित करने हेतु विशेष प्रचार अभियान चलाये गये हैं।

5.3 इस संबंध में देश के विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी करने की प्रगति दर्शाने वाला विवरण उपलब्ध अद्यतन डाटा के अनुसार निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	**राज्य/संघ शासित क्षेत्र**	**ई.पी.आई.सी. कवरेज का %**
1	2	7
रा– 01.	आंध्र प्रदेश	100.00
रा– 02.	अरुणाचल प्रदेश	97.61
रा– 03.	असम	94.97
रा– 04.	बिहार	90.60
रा– 05.	गोवा	98.66
रा– 06.	गुजरात	99.96
रा– 07.	हरियाणा	100.00
रा– 08.	हिमाचल प्रदेश	100.00

रा– 09.	जम्मू और कश्मीर	89.54
रा– 10.	कर्नाटक	99.25
रा– 11.	केरल	100.00
रा– 12.	मध्य प्रदेश	100.00
रा– 13.	महाराष्ट्र	91.60
रा– 14.	मणिपुर	99.62
रा– 15.	मेघालय	100.00
रा– 16.	मिजोरम	100.00
रा– 17.	नागालैंड	99.03
रा– 18.	उड़ीसा	97.33
रा– 19.	पंजाब	100.00
रा– 20.	राजस्थान	99.67
रा– 21.	सिक्किम	100.00
रा– 22.	तमिलनाडु	100.00
रा– 23.	त्रिपुरा	100.00
रा– 24.	उत्तर प्रदेश	99.94
रा– 25.	पश्चिम बंगाल	100.00
रा– 26.	छत्तीसगढ़	97.76
रा– 27.	झारखण्ड	99.51
रा– 28.	उत्तराखण्ड	100.00
सं– 01.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समुह	90.51
सं– 02	चंडीगढ़	99.95
सं– 03.	दमन और दीव	97.99
सं– 04.	दादर एवं नगर हवेली	100.00
सं– 05.	राष्ट्री राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	100.00
सं– 06.	लक्षद्वीप	100.00
सं– 07.	पुण्डुचेरी	100.00
	कुल	**98.03**

6. निर्वाचन सुधार

6.1 निर्वाचन सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। संपूर्ण विस्तृत निर्वाचन सुधारों से संबंधित मामले विधि आयोग को उल्लिखित किए गए हैं।

6.2 मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाम जन चौकीदार एवं अन्य के मामले में उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है कि एक ऐसा व्यक्ति जो उपर्युक्त अधिनियम की धारा 62 की उप धारा (5) के आधार पर मतदाता नहीं है तथा फलतः संसद अथवा किसी राज्य के विधान मंडल से चुनाव लड़ने से निरर्हित हो गए इस निर्णय से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियमए 2013 को अधिनियमित किया गया है। इस अधिनियम के अनुसारए ऐसा कोई व्यक्ति, जिसका नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज किया जा चुका है, जैसाकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 की धारा 62 की उप धारा (5) में दिया गया है। इस उपधारा के अधीन मत देने पर प्रतिशेध के कारण मतदाता होने से प्रविरत नहीं होगा।

6.3 निर्वाचनों का संचालन नियमावलीए 1961 में निर्वाचन आयोग के परामर्श से संशोधन किए गए थे जिसमें निर्वाचन व्यय की ऊपरी सीमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में 40 लाख से बढ़ाकर 70 लाख तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में 16 लाख से बढ़ाकर 28 लाख कर दी गई है।

(विधि एवं न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा जारी अधिसूचना सं– 50603(ई) दिनांक 28–02–2014)

अध्याय–3

भाग–II

न्याय विभाग

सुधार संबंधी उपायों और नीतिगत पहलों का ब्यौरा और ये किस प्रकार से अन्य बातों के साथ–साथ वैकल्पिक प्रदायगी तंत्रों सामाजिक और महिला अधिकारिता आदि के संबंध में मध्यवर्ती परिणामों और अन्तिम परिणामों से संबंधित हैः–

(i) न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशनः

2011, न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन की स्थापना अगस्त 2011 में न्याय प्रणाली में विद्यमान विलंब और बकायों को कम करके न्याय तक पहुंच बढ़ाने और ढांचागत बदलावों एवं निश्पीदन संबंधी मानक और क्षमताएं स्थापित करने के माध्यम से जबावदेही को बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थीं। मिशन न्यायिक प्रशासन में बकायों और लंबित रहने को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में एक समन्वित दृष्टिकोण अपना रहा है। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कंप्यूमटरीकरण सहित न्यागयालयों के लिए बेहतर अवसंरचना अधीनस्थ न्यायपालिका की नफरी में वृद्धि अत्यधिक मुकदमेबाज़ी वाले क्षेत्रों में नीतिगत और विधायी उपाय, मामलों के त्वरित निपटान के लिए न्यायालय की प्रक्रिया में अपेक्षित बदलाव लाना तथा मानव संसाधन विकास पर जोर दिया जाना शामिल है। राष्ट्रीय मिशन की कालावधि पांच वर्षों की है।

(ii) न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना (सी. एस. एस.) :

न्याययिक अवसंरचना का विकास विगत में न्यायपालिका पर बढ़ते कार्यभार के साथ कदम से कदम नहीं मिला पाया। इस स्थिति का निराकरण करने के लिए केन्द्र सरकार न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत वितीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों के संसाधनों का संवर्धन करती है। यह योजना वर्ष 1993–94 से चल रही है और इसे वर्ष 2011 में संशोधित किया गया था। इसमें न्यायालय भवनों तथा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण शामिल है। वर्ष 2011 तक केन्द्रों और राज्य सरकार इस योजना के अंतर्गत बराबर का अंशदान दिया करती थीं किन्तु वर्ष 2011–12 से वित्त पोषण का तरीका संशोधित कर दिया गया है और अब केन्द्र सरकार निधियों का 75 प्रतिशत अंशदान कर रही है। पूर्वोत्तर राज्य के मामलों में केन्द्रो सरकार वित्त पोषण का 90 प्रतिशत अंशदान मुहैया कराती है। तथापि केन्द्रीय वित्त पोषण योजना के लिए किये गए बजटीय आवंटन के अध्यधीन है।

वर्ष 2015–16 के लिए न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक सुविधा के विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) के लिए 563.00 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।

(iii) जिला और अधीनस्थन न्यायालयों का कंप्यूटिरीकरण (ई–न्यायालय मिशन मोड परियोजना)

I. चरण – I

ई–न्यायालय मिशन मोड परियोजना देश के जिला अधीनस्थ न्यायालयों के आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए एक राष्ट्रीय ई–शासन परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य न्यायालयों

के आईसीटी सुविधाओं से सुसज्जीकरण के माध्यम से वादकारियों वकीलों और न्यायपालिका को अभिनिर्धारित सेवाएं प्रदान करना है।

ई–न्यायालय परियोजना की संकल्प्ना वर्ष 2005 में भारत के उच्चतम न्यायालय की ई– समिति द्वारा अनुमोदित भारतीय न्यायपालिका में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के कार्यान्व्यन हेतु राष्ट्रीय नीति एवं कार्य योजना' के आधार पर की गई थी। फरवरी 2007 में सरकार ने 441.80 करोड़ की लागत से 2100 न्यापयालय परिसरों में 13,348 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण की एक परियोजना अनुमोदित की थी।

सितम्बर 2010 में सरकार ने 14,249 न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण के लिए परियोजना लागत को 935.00 करोड़ रुपए तक के संशोधन और परियोजना की समयावधि 31 मार्च, 2014 तक के संशोधन का अनुमोदन प्रदान किया। यह ई–न्यायालय मिशन मोड परियोजना का चरण–। है।

93 प्रतिशत से अधिक कार्यकलापों को 31 मार्च 2014 तक पूरा कर लिया गया था। शेष कार्यकलापों के लिए सरकार ने 8 मई 2014 को परियोजना की समयावधि को एक वर्ष तक अर्थात 31 मार्च 2015 तक बढ़ाने का अनुमोदन प्रदान किया था जिसे इसकी मूल अनुमोदित लागत 935.00 करोड़ रुपए के भीतर शुरू किया जाना था। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।

वर्ष 2015–16 के भुगतानों में कुछ अंतर हो सकता है और इसलिए वर्ष 2015–16 के लिए इस योजना के अंतर्गत 2.00 करोड़ रुपए के प्रावधान का प्रस्ताव है।

II. चरण–II (नई योजना)

जनवरी 2014 में उच्चतम न्यायालय की ई–समिति ने ई–न्यायालय परियोजना के चरण–II के लिए नीतिगत एवं कार्य योजना दस्तावेज (इसके पश्चात नीति दस्तावेज) अनुमोदित किये। उच्चतम न्यायालय की ई–समिति द्वारा देश के उच्च न्यायालयों के परामर्श से और भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश के अनुमोदन से तैयार की गई नीति दस्तावेज में न्यायालयों को आईसीटी सुविधाओं से और अधिक सुसज्जित करने की परिकल्पना की गई है। तदनुसार न्याय विभाग ने 2765.00 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत से 4 से 5 वर्षों में पूरा होने के लिए ई–न्यायालय परियोजना के चरण–II के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव का अनुसमर्थन व्यय वित्त समिति द्वारा किया गया है और व्यय वित्त समिति ने अपने दिनांक 11 नवम्बवर 2014 की बैठक के कार्यवृत्त के तहत 1,670,00 करोड़ रुपए की लागत के परियोजना घटकों के लिए अनुमोदन प्रदान किया। 752.20 करोड़ रुपए की लागत से अधीनस्थय न्योयालयों के मामलों के रिकॉर्डों की स्केनिंग और डीजाईटेशन से संबंधित घटक के संबंध में व्य्य वित्त समिति ने इस प्रस्ताव को संसाधनों के आबंटन हेतु 14वें वेतन आयोग के साथ उठाने की सिफारिश की है और यदि इसमें कोई कमी होगी तो उसे राज्य सरकारों द्वारा पूरा किया जाना चाहिए क्योंकि यह कार्यकलाप उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आता है। तदनुसार न्याय विभाग ने परियोजना के इस घटक के लिए 14वें वित्त आयोग को प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसके अतिरिक्त 287.76 करोड़ रूपए की लागत के परियोजना प्रबंधन एवं कार्मिक शक्ति संसाधनों संबंधी घटक के लिए व्यय वित्त समिति ने विद्यमान प्रक्रिया के अनुसार व्यय विभाग के कार्मिक स्कन्ध से कार्मिक शक्ति के सृजन एवं वित्त पोषण के लिए इस मुद्दे को पृथक रूप से उठाने की सिफारिश की है। तदनुसार 287.76 करोड़ रुपए की परियोजना के परियोजना प्रबंधन एवं कार्मिक शक्ति संसाधन के लिए व्यय विभाग के कार्मिक स्ककन्धे को प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2015–16 के लिए 227.13 करोड़ रुपए के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है।

(iv) न्याय तक पहुंच – पूर्वोत्तर एवं जम्मू कश्मीर (भारत सरकार परियोजना)

न्याय तक पहुंच – पूर्वोत्तर एवं जम्मू कश्मीमर न्याय तक पहुंच परियोजना पूर्वोत्तर के (सिक्किम सहित) आठ राज्यों और जम्मू कश्मीर में कुल 30.00 करोड़ रुपए की लागत से कार्यान्वित की जा रही है।

योजना के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:–

– समाज के उन कमजोर और असुरक्षित वर्ग विशेष रूप से महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति, अनसूचित जनजाति समुदायों की विधिक आवश्यकताओं का समाधान करना जिनके पास यह सुनिश्चित करने के अपेक्षित संसाधन नहीं है कि उनके अधिकार गारन्टी प्राप्त है।

– न्याय प्रदायगी प्रणालियों की क्षमताओं में सुधार लाना ताकि वे लोगों को सेवाएं दें सकें और सामान्यन लोगों को इन सेवाओं की मांग करने और अपने अधिकारों एवं हकदारियों तक पहुंचने की शक्तियां प्राप्त हो सके।

– सुरक्षित लोगों की विधिक जागरूकता और उन्हें उनके समाधान ढूढ़ने की सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए अभिनव कार्यकलापों को सहायता प्रदान करना।

– नौ परियोजनागत राज्यों में कमजोर वर्ग के लोगों को विधिक सहायता और विधिक सशक्तिकरण मुहैया कराने में विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता करना।

इस परियोजना को 9 राज्यों नामतः अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और जम्मू कश्मीर में संचालित किया जा रहा है।

वर्ष 2015–16 के लिए 7.00 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।

(v) भारत में कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच – यू.एन.डी.पी. से बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना (ईएपी)

न्याय विभाग ने न्याय तक पहुंच संबंधी मुद्दे पर यू.एन.डी.पी. के साथ वर्ष 2006 से सहभागिता उस समय की जब उन क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक प्रायोगिक अध्ययन किया गया था जिनमें विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता थी।

वर्तमान में न्याय तक पहुंच परियोजना अपने दूसरे चरण (2013–2017) में है पहले चरण के कार्यकलापों के अनुक्रम में दूसरे चरण में न्याय के मांग पक्ष और प्रदायगी पक्ष दोनों पर ध्यान दिया गया है और इसमें बुनियादी स्तर और नीति स्तर दोनो में न्याय प्रदायगी स्टेक होल्डरों सहित अनेक स्टेक होल्डरों के साथ मिलकर विशेष ध्यान देने के प्रयास को प्रोत्साहन दिया गया। भौगोलिक कवरेज की दृष्टि से इस परियोजना में बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे आठ राज्यों में 1–2 चयनित जिलों में बेहतर प्रभाव के लिए प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया है।

यह परियोजना पूर्ववर्ती चरण में प्राप्त परिणामों का स्थायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। पहले चरण से प्राप्त अनुभवों को विधिक सहायता एवं विधिक सशक्तिकरण के वहनीयम प्रबलित और मापनीय माडलों के विकास के माध्यम से सुदृढ़ किया जा रहा है। पूरे विश्व में विधिक सहायता विधिक सशक्तिकरण और उन्नति न्याय प्रदायगी संबंधी सर्वोत्तम प्रणालियों को भारतीय परिप्रेक्ष्य में अंगीकार करने की दृष्टि से साझा किया जाएगा। दूसरे चरण में विधिक सहायता एवं विधिक सशक्तिकरण संबंधी ऐसी परियोजनाओं को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया

जाएगा जो उस लागत के भीतर मापनीय और दोहराने योग्य हैं जिसका वहन सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं विशेष रूप से विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा किया जा सकता है।

परियोजना के अंतर्गत सहक्रियाशीलता को बढ़ाने प्रयासों के दोहरेपन को दूर करने और इसके प्रभाव को इष्टातम तक पहुंचाने की दृष्टि से न्यायिक अकादमियों (एसआईआरडी) आयोगों विधि विद्यालयों बार काउंसिलों अन्य मंत्रालयों और एनजीओ सहित अन्य संस्थाओं के साथ कार्यकलापों की योजना तैयार की जा रही है।

इस परियोजना में मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में न्याय विभाग की सहायता करने की दृष्टि से न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन को तकनीकी सहायता भी उपलब्धे कराई जा रही है। न्याध्य प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्री य मिशन के अधिदेश की अनुपूर्ति करने के लिए इस परियोजना में प्रमुख मुद्दों पर अनुसंधान करने के लिए न्याय विभाग की नीति और अनुसंधान क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए सरकारी प्रयासों को सहायता प्रदान की जाएगी। अनुसंधान सहायता राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) और अन्य सांविधिक निकायों को भी प्रदान की जाएगी।

पूर्ण सहयोग को बढ़ावा देने के लिए परियोजना में भारत और पूरे विश्व में अन्य देशों के साथ सूचना को साझा करने तथा अनुभवों के आदान–प्रदान करने में सहायता प्रदान की जाएगी ताकि गरीबों के लिए उन्नत विधिक सहायता संबंधी नीतियों दृष्टिकोणों और प्रणालियों के मायने में अच्छी कार्यप्रणालियों से सीखने का अनुभव मिल सके।

वर्ष 2015–16 के लिए 5.00 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।

(vi) न्याय सुधारों संबंधी कार्य अनुसंधान एवं अध्येयन

न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन द्वारा न्याय सुधारों संबंधी कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन संबंधी एक योजनागत स्कीम कार्यान्वित की जा रही है। योजना के अंतर्गत न्याय प्रदायगी के क्षेत्र में कार्य अनुसंधान मूल्यांकन शुरू करने अध्ययनों की निगरानी करने संगोष्ठियों सम्मेलनों कार्यशालाओं का आयोजन करने अनुसंधान एवं निगरानी कार्यकलापों के लिए क्षमता संवर्धन रिपोर्ट सामग्री के प्रकाशन अभिनव कार्यक्रमों क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना की पात्र कार्यान्वगयन एजेंसियों में भारतीय लोक प्रशासन संस्थीन (आईआईपीए) एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससी) भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) भारतीय विधि संस्थान (आईएलआइ) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लांईड इकनोमिक रिसर्च (एनसीएईआर) राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) राज्य न्यायिक अकादमियां (एसजे) और न्याय प्रदायगी विधिक शिक्षा और अनुसंधान एवं न्यानयिक सुधारों के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। योजना के दिशानिर्देशों को जारी कर दिया गया है और अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित किये गए हैं।

वर्ष 2015–16 के लिए 2.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।

(vii) ग्राम न्यांयालय

ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 का अधिनियमन नागरिकों को उनके घर के पास न्याय तक पहुंच मुहैया कराने के प्रयोजनार्थ बुनियादी स्तरों पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना करने के लिए किया गया था। यह अधिनियम 2 अक्तूबर 2009 से लागू हुआ। राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम न्यायालयों की स्थापना करने हेतु अनावर्त्ती व्यय के लिए और पहले तीन वर्षों के लिए इन ग्राम न्यायालयों को चलाने हेतु आवर्ती व्यय की लागत को पूरा करने के लिए वितीय सहायता प्रदान की जाती है। आवर्ती और अनावर्ती सहायता, योजना के दिशानिर्देशों में यथा उपबंधित वित्तीय सीमा के अधीन है।

(viii) विधिक सहायता (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) (नाल्सा) योजनेत्तरः

विधिक सहायता (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण)(नाल्सा) पूरे देश में विधिक सेवा कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए नीतियों सिद्धान्तों दिशानिर्देशों का निर्धारण करता है और उसके लिए प्रभावी और किफायती योजनाएं तैयार करता है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ताल्लुक विधिक सेवा समितियां इत्यादि को नियमित आधार पर निम्नलिखित मुख्य कार्य निष्पादित करने के लिए कहा गया हैः

(i) पात्र लोगों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं मुहैया कराना
(ii) विवादों का सुलहनामा से निपटान करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन और
(iii) ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता कैम्प आयोजित करना।

वर्ष 2015–16 के लिए 145.000 करोड़ रुपए (योजनेतर) का प्रस्ताव किया गया है।

(ix) कुटुम्ब न्यायालय (योजनेतर)

कुटुम्ब न्यायालय अधिनियमए 1984 में विवाह एवं पारिवारिक मामलों के साथ–साथ इनसे जुड़े मामलों के संबंधित विवादों में सुलहनामा को बढ़ावा देने एवं उनका त्वरित निपटान सुनिश्चित करने की दृष्टि से राज्यों द्वारा अपने–अपने उच्च न्यायालयों के परामर्श से कुटुम्ब न्यायालयों की स्थापना करने का प्रावधान किया गया है। राज्यों से प्रत्येक जिले में कम से कम एक कुटुम्ब न्यायालय की स्थापना करने का प्रावधान किया गया है। राज्यों से प्रत्येक जिले में कम से कम एक कुटुम्बल न्यायालय की स्थापना करने पर विचार करने के लिए कहा गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश में 410 कुटुम्ब न्यायालय कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में एक विवरण अनुलग्नक–VI पर संलग्न है।

कुटुम्ब न्यायालयों के लिए केन्द्रीय वितीय सहायता की एक योजना वर्ष 2002–03 में शुरू की गई थी। योजना के अनुसार नए कुटुम्ब न्यायालयों की स्थापना करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर कुटुम्ब न्यायालय भवन के निर्माण के लिए योजनागत बजट के तहत 10.00 लाख रुपए प्रति न्यायालय का अनुदान मुहैया कराया गया था। योजनेतर के तहत कुटुम्ब न्यायालयों के संचालन व्यय के लिए 5.00 लाख रुपए प्रति न्यायालय की सहायता मुहैया कराई जाती है।

वर्ष 2015–16 के लिए योजना हेतु प्रस्तावित बजट अनुमान 5.00 करोड़ रुपए है।

अध्याय – 4

कार्य निष्पायदन समीक्षा पिछले लक्ष्यों की समीक्षा

निष्पादन समीक्षाः

पहले से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वर्ष 2012–13 के निष्पादन सहित विगत के निष्पादन तथा चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 की पहली तीन तिमाहियों की समीक्षा। अंतर के कारण देते हुए वास्तविक निष्पादन का विश्लेषण तथा अलग–अलग कार्यक्रमों के वास्तविक लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनका कार्यक्षेत्र और उद्देश्य।

(i) न्याय प्रदायगी और विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन

न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन की सलाहकार परिषद की अब तक सात बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। दो बैठकों का आयोजन वर्ष 2014–15 में किया गया है। सलाहकार परिषद ने न्याय प्रदायगी प्रणाली को बेहतर बनाने, न्यायालयों में मामलों के लंबित रहने में कमी लाने, मामलों के त्वारित निपटान तथा न्यायियक एवं विधिक सुधारों के क्षेत्र में भी अनेक सिफारिशें कीं हैं। ये सिफारिशें कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर है।

मिशन ने अपने उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में प्रत्येक नीतिगत क्षेत्र में अनेक कदम उठाएं हैं। सभी राज्यों ने सरकारी मुकदमों में कमी लाने के दृष्टि से अपनी–अपनी मुकदमा नीतियां तैयार की हैं। राज्य एजेंसियों द्वारा मुकदमों की बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के संबंध में तैयार की गई राज्य मुकदमा नीतियों के प्रभावों का आकलन करने का राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है।

परक्राम्ये लिखत (एनआई) अधिनियम में आवश्क संशोधनों और चैक बाउंस होने के मामलों से संबंधित बढ़ते हुए मुकदमों को नियंत्रित करने के लिए अन्य नीतिगत एवं प्रशासनिक उपायों का सुझाव देने के लिए एक अंतर–मंत्रालयी समूह (आई एम जी) का गठन किया गया था। आई एम जी में चैक बाउंस मामलों की संख्या– को कम करने के लिए प्रक्रियात्मक एवं विधायी परिवर्तनों सहित अनेक उपायों का सुझाव दिया है।

मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान मामलों से उत्प न्नं होने वाले मुकदमों और मोटर दुर्घटना दावों के मामलों को सीमित करने के लिए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से इस कानून में आवश्यक परिवर्तन करने का अनुरोध किया गया है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के नियमों के लिए जुर्माना के भुगतान की प्रणाली और मोटर वाहन दुर्घटना के कारण उत्पन्न होने वाले दावों के निपटान को सरल बनाने के लिए सड़क परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी एक नया विधान तैयार होने की स्थिति में है।

दाण्डिक मामलों में समय पर न्याय प्रदायगी संबंधी प्रक्रियात्मक सुधार करना, न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधारों संबंधी राष्ट्रीय मिशन के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। विधि आयोग से दाण्डिक न्याय प्रणाली के सुधार पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने का अनुरोध किया गया है जिसके पश्चात गृह मंत्रालय दाण्डिक मामलों के त्वररित निपटान संबंधी प्रक्रियात्मजक कानूनों में संशोधन करने के लिए विधायी उपाय शुरू कर सकता है।

विवाद समाधान के वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए जिला और ताल्लुका स्तरों पर न्यायालय परिसरों में माध्यस्थम केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। सरकारी एजेंसियों को सरकारी संविदाओं में पंचाट एवं माध्स्थम खंड शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। माध्यास्थम कानून में पायी गई अनेक अनियमितताओं को देखते हुए, विधि आयोग को माध्य स्थम एवं सुलहनामा अधिनियम 1996 के प्रावधानों की समीक्षा करने का कार्य सौंपा गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिसमें मौजूदा कानून को ज्यादा प्रभावी बनाने के संबंध में संशोधनों के प्रस्ताव निहित हैं।

जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों/न्यायाधीशों की कमी होना, न्यायालयों में मामलों के एकत्र होने और लंबित बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है। राष्ट्रीय मिशन में राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों के साथ इस मामले को नियमित रूप से उठाया है। स्टोकहोल्डरों के ठोस प्रयासों के फलस्वरूप, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों/न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या वर्ष 2012 के अंत में मौजूद 17,715 से बढ़कर वर्ष 2014 में 20,214 हो गई है। यह मिशन मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए उच्च न्यायालयों के साथ इस मामले को उठा रहा है।

(ii) न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना

न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना न्याय विभाग द्वारा वर्ष 1993–94 से क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना में अधीनस्थ न्यायालयों को शामिल करते हुए न्यायालय भवनों तथा न्यायाधीशों/न्यायिक अधिकारियों के रिहायशी आवासों के निर्माण को शामिल किया गया है। इस योजना की मुख्य शर्तों में से एक शर्त यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा धनराशि जारी किए जाने पर राज्य सरकार अपने निर्धारित अंशदान के साथ आगे अवश्य आएगी। तथापि, राज्य सरकारें अपने संसाधनों से अतिरिक्त धनराशि का उपयोग करने के लिए स्वथतंत्र हैं।

फरवरी 2015 की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वर्ष 2011–14 से संशोधित वित्त प्रोषण प्रणाली के तहत 3,131 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की है। यह 1,245 करोड़ रुपए की उस धनराशि पर एक महत्वध्पूर्ण वृद्धि को दर्शाता है जो केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 1993–2011 से योजना के आरंभिक चरणों में प्रदान की गई थी। जैसाकि वर्तमान योजना को चालू योजना अवधि (मार्च, 2017) के अंत तक जारी रखने की अपेक्षा है, अतः, यह आशा की जाती है कि इस अवधि के दौरान अधीनस्थ न्यायालय स्तर पर न्यायिक अवसंरचना में काफी परिवर्धन होगा। उच्च न्यायालयों से प्राप्त सूचना के अनुसार, जून 2014 तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के लिए 15,400 न्यायालय हाल/न्यायालय कक्ष उपलब्धि थे। इनके अतिरिक्त, 1,000 न्यायालय कक्ष किराए के परिसरों में उपलब्ध थे। इसके अतिरिक्त, रिक्तियों को भरने की वजह से जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की कार्यरत संख्या में होने वाली तत्काल बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 2,250 अतिरिक्त न्यायालय पक्षों का निर्माण चल रहा है।

(iii) जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण (ई–न्यायालय मिशन मोड परियोजना)

(क) फरवरी, 2007 में सरकार ने भारत के उच्चतम न्यायालय की ई–समिति द्वारा प्रस्तावित ''राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना के आधार पर देश के सभी जिला एवं अधीनस्थय न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण की एक योजना के कार्यान्वयन का अनुमोदन दिया था। योजना का पहला चरण वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन है। 14,249 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों (मार्च, 2012 तक 12,000 न्यायालय और मार्च, 2014 तक 2,249 न्यायालयों) के कम्प्यूटरीकरण के लिए मार्च, 2014 की संशोधित समय सीमा के साथ इस परियोजना की लागत को 935.00 करोड़ रुपए तक संशोधित किया गया था।

(ख) 28 फरवरी, 2015 की स्थिति के अनुसार कम्प्यूटरीकरण किये जाने के लिए निर्धारित 14,249 न्यायालयों में से सभी 14,249 न्यायालयों (100 प्रतिशत) में कम्प्यूटरीकरण के लिए स्थान तैयार कर लिये गए हैं, जिसमें से 13,606 न्यायालयों (95.49 प्रतिशत) में लैन (लोकल एरिया नेटवर्क), 13,436 न्यायालयों (94.03 प्रतिशत) में हार्डवेयर और 13,323 न्यायालयों (93.50 प्रतिशत) में सॉफ्टवेयर लगा दिया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की आई सी टी अवसंरचना का उन्नयन भी किया गया है। नवंबर 2014 तक परियोजना की अन्य गतिविधियों की प्रगति नीचे दी गई हैः–

I. **न्यायिक अधिकारियों को लैपटॉप** : 14,309 अधिकारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए गए।

II. **सॉफ्टवेयर** : एक यूनीफाइड नेशनल कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर–केस इंफोर्मेशन सिस्टध्म (सी आई एस) सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है और इसे सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालय में लगाने के लिए उपलब्ध कराया गया है। पिछले मामलों से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि शुरू की गई है और 3 करोड़ से अधिक मामलों के आंकड़ें ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

III. **न्याधयिक सेवा केन्द्र** : न्यायिक सेवा केन्द्र (जे एस सी) की स्थापना सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों में की गई है जो वादकारियों/वकीलों द्वारा याचिकाएं और आवेदन दायर करने तथा चल रहे मामलों की जानकारी तथा आदेशों एवं निर्णयों इत्यादि की प्रतियां प्राप्ती करने के संबंध में एक सिंगल विंडो के रूप में कार्य करता है।

IV. **संपर्कता (कनेक्टिविटी)** : 2,581 न्यायालय परिसरों में वी पी एन ओ बी बी कनेक्टिविटी और 598 जिला न्यायालय परिसरों में अतिरिक्त लीज लाईन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है।

V. **प्रबन्धबन में परिवर्तन एवं प्रशिक्षण** : प्रबंधन में परिवर्तन लाने के एक भाग के रूप में 14,000 न्यायिक अधिकारियों को यूबुन्टुव–लाईनक्सव ओ एस में प्रशिक्षण दिया गया है और 4,000 से अधिक न्यायालयी स्टाफ को सी आई एस सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण दिया गया है।

VI. **री–इंजीनियरिंग प्रकिया** : ई–समिति ने री–इंजीनियरिंग (पी आर) कार्यों की प्रक्रिया आरंभ की है। विद्यमान नियमों, प्रक्रियाओं, कार्यप्रणालियों और फार्मों के संबंध में अध्ययन करने और उनके सरलीकरण का सुझाव देने के लिए सभी उच्च न्यायालयों में पी आर समितियां गठित की गई हैं। 22 उच्च न्यायालयों से री–इंजीनियरिंग प्रक्रिया की रिपोर्टें प्राप्ति हो गई हैं और भारत के विधि आयोग द्वारा उनका विश्लेषण किया जा रहा है।

VII. **न्यायालयों और जेलो में वीडियो कान्फ्रेंसिंग (वी सी) सुविधा** : देश में 5 जिलों तथा समरूप जेलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा पर एक प्रायोगिक कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस प्रयोग के अनुभव के आधार पर पूरे देश में 495 अतिरिक्त। स्थानों पर वी सी सुविधा को चालू किया जा रहा है।

VIII. **राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड** : ई–न्यायालय परियोजना के तहत कम्प्यूटरीकृत सभी जिला और अधीनस्थन न्यायालयों को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एन जे डी जी) के साथ जोड़ा गया है, जो पूरे देश में मामलों से संबंधित रिकॉर्डों का एक सामान्या संग्रह केन्द्र है। एन जे डी जी में निर्णित मामलों के आंकड़ों की प्रविष्टि का कार्य शुरू किया जा रहा है और लंबित मामलों से संबंधित आंकड़ों को नियमित आधार पर अद्यतन किया जा रहा है। 31 अक्तूबर 2014 की स्थिति के अनुसार, 24 उच्च न्यायालयों में से 21 के क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित 3.92 करोड़ से अधिक मामलों तथा 60 लाख से अधिक आदेशों/निर्णयों के आंकड़ों को एन जे डी जी में अपलोड किया गया है।

IX. **सेवा प्रदायगी** : राष्ट्रीय ई–न्यायालय पोर्टल (http://www-ecourts-gov-in) क्रियाशील हो चुका है। यह पोर्टल वादकारियों को मामलों के पंजीकरण, वादसूची, मामला स्थिति, दैनिक आदेशों और अंतिम निर्णयों के ब्यौरों जैसी सेवाएं उपलब्ध कराता है। वर्तमान में, वादकार लोग 11,000 से अधिक न्यायालयों में 3 करोड़ से अधिक लंबित और निर्णीत मामलों के संबंध में मामला स्थिति संबंधी जानकारी देख सकते हैं।

शेष कार्यकलापों को पूरा करने के लिए, सरकार ने परियोजना की विस्तार अवधि को 31 मार्च 2015 तक एक वर्ष के लिए 935 करोड़ रुपए की मूल अनुमोदित लागत के भीतर जारी रखने का अनुमोदन प्रदान किया है।

न्यायालय में आई टी टी सज्जा को बढ़ाने के लिए, 12वीं पंचवर्षीय योजना में ई–न्यायालय–परियोजना के

चरण–II के लिए प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय की ई–समिति ने जनवरी, 2014 में ई–न्यायालय परियोजना के चरण–II के लिए नीति एवं कार्ययोजना दस्तावेज़ (इसके पश्चात ''नीति दस्तावेज'') अनुमोदित किया है। उच्चतम न्यायालय की ई–समिति द्वारा देश के सभी उच्च न्यायालयों के परामर्श से तैयार तथा भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अनुमोदित नीति दस्तावेज में (i) आई टी अवसंरचना (ii) न्यायिक प्रक्रियाओं के लिए प्रणालियां और अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर (iii) मामला रिकॉर्डों को डिजीटाइजेशन एवं संरक्षण (iv) सभी न्यायालयों एवं जेलों के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग (v) क्षमता संवर्धन उपाय (vi) न्यायिक प्रक्रिया री–इंजीनियरिंग (vii) कार्य निष्पादन एवं प्रक्रिया स्वचलन उपकरण एवं उपाय (viii) न्यायिक ज्ञान प्रबंधन प्रणाली (ix) मानव संसाधन, और (x) वर्धित सेवा प्रदायगी के ब्यौरों को समाहित किया गया है और इसमें (क) पहले से कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों में परिवर्धित हार्डवेयर का प्रावधान है (ख) उन अतिरिक्त न्यायालयों का कम्प्यूटरीकृत जो चरण–I में अनुमोदित 14,249 के पश्चात गठित किये गए हैं। (ग) उन अतिरिक्त न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण जिनका गठन चरण–II के पहले दो वर्षों में किये जाने की अपेक्षा है और (घ) ऐसी न्यायिक गतिविधियां जिनसे न्यायपालिका का आई सी टी सुविधा से सुसज्जीकरण बढ़ेगा, की परिकल्पना की गई है।

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए ई न्यायालय परियोजना के चरण–II के दौरान निम्नलिखित वास्तविक लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपेक्षा है।

i. लगभग 5,751 नए न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण।

ii. मौजूदा 14,249 कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों का अतिरिक्त हार्डवेयर युक्ति आई सी टी सज्जा से संवर्धन।

iii. वेन (डब्ल्यू.ए.एन.) के माध्यम से देश के सभी न्यायालयों को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रडि से जोड़ना और प्रस्तावित अंतर–संचालनीय (इंटरऑपरेवल) दांडिक न्याय प्रणाली के साथ एकीकरण हेतु अतिरिक्ता सम्पर्कता।

iv. प्रत्येक न्यायालय परिसर में केन्द्रीकृत फाइलिंग केन्द्रक और टच स्क्रीन आधारित क्योतस्क जैसी नागरिक सुविधाएं स्थापित करना।

v. चरण–I के अंतर्गत शामिल न किए गए न्यायिक अधिकारियों को लेपटॉपों, प्रिंटरों, यू पी एस और कनेक्टिविटी देने और चरण–I के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए पुराने हार्डवेयर को बदलने का प्रावधान।

vi. शेष 2,500 न्यायालय परिसरों और 800 शेष जिलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा शुरू करना।

vii. एसजेए, डीएलएसए और टीएलएससी का कम्प्यूटरीकरण।

viii. डिजिटाइजेशन, दस्तावेज प्रबंधन, न्यायिक ज्ञान प्रबंधन और लर्निंग मैनेजमेंट के माध्यम से एक सशक्त न्यायालय प्रबंधन प्रणाली का सृजन करना।

ix. न्यायालय परिसरों में (सामूहिक) नेटवर्क और सौर उर्जा संसाधन लगाना।

x. परिवर्तन प्रबंधन के माध्यम से न्यायालयों में बेहतर निष्पादन कार्य को सुविधाजनक बनाना और हैंडहैल्डम डिवाइसिस के माध्यम से रि–इंजीनियरिंग प्रक्रिया और प्रक्रियागत सेवा प्रदायगी में सुधार।

xi. ई–फाइलिंग, ई–पेमेंट और मोबाइल अप्लीकेशनों के प्रयोग के माध्यम से आईसीटी सुविधा का संवर्धन

xii. नागरिक केन्द्रित सेवा प्रदायगी।

(iv) न्याय तक पहुंच (पूर्वोत्तर और जम्मू एवं कश्मीर)– भारत सरकार परियोजना

न्याय तक पहुंच (एन ई एंड जे के) परियोजना के तहत शुरू की गई पहलें नीचे दी गई हैं:–

1. नागालैंड के दो अत्याधिक पिछड़े जिलों तैलनसांग और मोन जिलों में 46 विधिक सहायता

समाधान केन्द्रों की स्थापना : नागालैंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नागालैंड के दो अत्याधिक पिछड़े और दूर–दराज़ जिलों तैलनसांग और मोन जिलों में 46 विधिक सहायता समाधान केन्द्रों की स्थापना का कार्य करेगा। विधिक सहायता समाधान केन्द्र सभी कमजोर वर्गों को विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जनजातियों और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों इत्यादि को विधिक जागरूकता उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त, एक निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र के रूप में, ये माध्यस्थम/लोक अदालतों इत्यादि के माध्यम से सामुदायिक विवादों का निपटान करने में सहायता प्रदान करेंगे, और ग्राम परिषदों, गांव बूराओं/डीबी जैसे पारंपरिक न्यानयिक निकायों के सदस्यों को नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, विधि विद्यार्थियों, पैनल वकीलों, अर्धविधिक स्वयंसेवकों और एनजीओ को प्रशिक्षण देकर स्थानीय संसाधानों का सृजन करेंगे।

परियोजना का कार्यकाल 5 वर्ष है। इसका प्रभाव 242 गांवों में रह रहे लगभग चार लाख पचास हजार लोगों पर पड़ेगा।

2. **लोगों की विधिक सशक्तिकरण में मौजूद अंतरालों की पहचान करने के लिए आवश्यकता मूल्यांकन अध्ययन :** यह अध्ययन शिलांग, मेघालय स्थित इम्स्की एन जी ओ नेटवर्क द्वारा कराया गया था। यह लोगों, विशेष रूप से उन लोगों जो गरीब, कमजोर और असुरक्षित हैं, और इसलिए उनके पास अपने अधिकारों की गारन्टी सुनिश्चित करने के संसाधन नहीं हैं, के विधिक सशक्तिकरण में मौजूद अंतरालों की पहचान करने के लिए क्षेत्र आधारित अध्ययन है। इसका लक्ष्य उनकी विधिक अधिकारिता के बीच आ रही उन बाधाओं एवं अंतरालों जो न्याय तक पहुंच में बाधक होती हैं की पहचान करना, और उनकी क्षमताओं में सुधार लाने की दृष्टि से न्याय प्रदायगी प्रणाली द्वारा प्रदान की जा रही सहायता का मूल्यांकन करना भी है ताकि ये गरीब और असुरक्षित समुदायों की विधिक अधिकारिता के संबंध में प्रभावकारी कार्यक्रमों का विकास करने में सहायक हो सकें।

3. आठ पूर्वोत्तर राज्यों में सामाजिक कल्याण विधानों के बारे में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के अर्ध–विधिक स्वेयंसेवियों (पी एल वी) का प्रशिक्षणः यह कार्यकलाप ओडिशा में विद्यमान एक सिविल सोसाइटी संगठन कमेटी फॉर दि लीगल एंड टु पुअर (सी एल ए पी) द्वारा किया जा रहा है। सी एल ए पी असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैण्डः से 400 पी एल बी (प्रत्येक राज्य से 50) को प्रशिक्षण प्रदान करेगी। ये पी एल वी, विभिन्न केन्द्रीय और राज्य के सामाजिक कल्याण विधानों, योजनाओं, कार्यक्रमों, न्यानयिक प्रक्रियाओं, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, अन्य संगठनों के बीच से विधिक सहायता के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे। सभी राज्यों में प्रशिक्षण का एक दौर पूरा कर लिया गया है। दिसम्बंर, 2014 से पुनश्चर्या प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

4. जम्मू एवं कश्मीर में आवश्यकता मूल्यांकन अध्ययनः यह अध्ययन राज्य के कमजोर वर्ग के लोगों के विधिक सशक्तिकरण में अन्तरालों की पहचान करने के लिए कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने उस परियोजना पर कार्य फिर से शुरू कर दिया है जो बाढ़ की वजह से रोक दी गई थी। न्याय विभाग में 11 दिसम्बर, 2014 को अभिमुखीकरण बैठक आयोजित की गई थी जिसमें न्याय विभाग की परियोजना प्रबंधन टीम ने भाग लिया था। विधि विभाग की टीम वर्तमान में प्रश्नावली तैयार कर ही है और अध्ययन कराने के लिए संबंधित क्षेत्रों की पहचान कर रही है।

5. जम्मू एवं कश्मीर में विधिक सहायता समाधान केन्द्रों को सहयोगः इस परियोजना में कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विधिक सहायता समाधान केन्द्रों को भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भी इस परियोजना पर कार्य शुरू किया गया है। अनेक प्रदायगीयोग्य घटकों (डिलीवरेबल्सो) को पूरा कर लिया गया है, अनुसंधान परियोजना और विधिक साक्षरता पर भी कार्य शुरू किया गया है। 11 दिसम्बर, 2014 को इस परियोजना के संबंध में अभिमुखीकरण बैठक पहले ही हो चुकी है।

6. नौ राज्यों में परियोजना टीम की नियुक्ति के माध्यम से एसएलएसए को मानव संसाधन उपलब्ध कराना : राज्य स्तर पर न्याय तक पहुंच (एनईएंडजेके) परियोजना के कार्यकलापों का समन्वय करने और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को सहायता प्रदान करने के लिए सभी नौ परियोजना राज्यों में दो पेशेवरों की एक टीम (परियोजना समन्वयक और परियोजना सहायक) की नियुक्ति की जा रही है। असम, नागालैंड और सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के लिए इनकी भर्तियों का कार्य पूरा कर लिया गया है और शेष राज्यों में इनकी भर्ती का कार्य जनवरी, 2015 में पूरा कर लिया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत निकट भविष्य में निम्नलिखित कार्यकलाप शुरू किये जाएंगेः–

i. परियोजना राज्यों में एसएलएसए के पूर्वोत्तर में 400 पैनल वकीलों और जम्मू कश्मीर में 225 पैनल वकीलों को प्रशिक्षण।

ii. ''जम्मू कश्मीर में अनाथ बच्चों के अधिकारों तथा अनाथालयों के विनियमन को शासित करने के लिए नीतिगत ढांचा'' तैयार करना।

iii. जम्मू कश्मीर में अर्धविधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण।

iv. परियोजना राज्यों में विधिक सूचना क्योस्कोय की स्थापना।

v. पूर्वोत्तर में सामुदायिक पुलिस व्यवस्था पर प्रयोग।

vi. प्राकृतिक संसाधनों के स्थायी उपयोग, भूमि, जल और वन पर परंपरागत ज्ञान और सामुदायिक अधिकारों का संरक्षण।

vii. पूर्वोत्तर और जम्मू एवं कश्मीर में मानव दुर्व्या पार के मुद्दों का समाधान।

viii. न्याय तक पहुंच के संबंध में पूर्वोत्तर और जम्मू एवं कश्मीर राज्यों के लिए जागरूकता फिल्में और वृत्तचित्र।

(v) ''भारत में कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच''– यूएनडीपी बाह्य सहायता प्राप्त परियोजना

यूएनडीपी सहायता प्राप्त परियोजना के तहत ''भारत में कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच'' के अंतर्गत शुरू किये गए कार्यकलाप नीचे दिये गए हैंः–

1) झारखंड और छत्तीसगढ़ में क्योशस्कोंर की स्थापना – झारखंड और छत्तीसगढ़ में 50 स्थानों पर 50 ध्वनि आधारित सूचना क्योस्का लगाए गए हैं। ये क्यो्स्कज मुख्यतः दोनो राज्यों में जिला न्यायालयों अथवा डीएलएसए के परिसरों में स्थापित किये गए हैं। इन क्यो स्कोंज में 31,408 लोगों को विधिक जानकारी प्रदान की गई है और उन्हें विभिन्नो अधिकारों तथा हकदारी संबंधी मुद्दों के बारे में सुग्राही बनाया गया है।

2) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एनएलएमए) और राज्यी ग्रामीण विकास संस्थारन (एसआईआरडी) – ग्रामीण वाद एवं हकदारी केन्द्र (आरएलईके) को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एनएलएमए) और राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एसआईआरडी), उत्तर प्रदेश के लिए हिन्दीं में दो विधिक साक्षरता प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने का कार्य सौंपा गया है। इन माड्यूलों के अंतिम रूप दे दिये जाने पर, ग्रामीण वाद एवं हकदारी केन्द्र (आरएलईके) के द्वारा एनएलएमए – संचालित एसआरसी, मध्यएप्रदेश और एसआईआरडी लखनऊ, उत्तर प्रदेश से चयनित 78 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन किया जाएगा। आरएलईके ने पहले ही एनएलएमए के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए और एसआईआरडी, उ.प्र. के फैकल्टी सदस्यों के लिए प्रशिक्षण मैनूअल विकसित कर लिया है और इसने विभिन्न विधिक सामग्रियों और मुद्दों पर

116 फैकल्टी सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। इस संगठन ने एनएलएमए के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया है और विधिक साक्षरता पर 64 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों (केआरपी) को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

3) ओडिशा में अर्धविधिक स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण – परियोजना के अंतिम चरण के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) द्वारा व्येक्तण जरूरतों में से एक जरूरत अर्धविधिक स्वयंसेवकों (पीएलए) को तैयार करना और उन्हें प्रशिक्षण देना है। इस व्यक्त आवश्यकता के आधार पर एक एसएलएसए के लिए पीएलवी को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया था। ओडिशा पहला राज्य था जिसे इस कार्यकलाप को शुरू करने के लिए चुना गया था। ओडिशा के चार जिलों में अर्धविधिक प्रशिक्षण सुविधा प्रदाता गाईड तैयार करने और पीएलवी को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक एनजीओ–गरीबों को विधिक सहायता संबंधी समिति (सीएलएपी) का चयन किया गया है। संगठन ने अर्धविधिक स्वयंसेवक सुविधा प्रदाता गाईड तैयार कर ली है और 278 अर्धविधिक स्वयंसेकों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

4) ओडिशा में पैनल वकीलों को प्रशिक्षण – पीएलवी के प्रशिक्षण के अतिरिक्त नाल्सौ द्वारा पैनल वकीलों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता भी व्यक्त की गई थी। ओडिशा में पैनल वकीलों के लिए एक प्रशिक्षण माड्यूल तैयार करने और 100 डीएलएसए पैनल वाले वकीलों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक दूसरा एन जी ओ – मल्टिपल एक्शन रिसर्च ग्रुप (एमएआरजी) का चयन कर लिया गया है। एमएआरजी ने पैनल वकील प्रशिक्षण मॉडयूल तैयार कर लिया है और ओडिशा के पांच जिलों का प्रतिनिधित्वक करने वाले 67 डीएलएसए पैनल वकीलों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

5) महाराष्ट्र और ओडिशा में विधिक सेवा समाधान केन्द्रों की शुरूआत – टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (टीआईएसएस), मुम्बई ने कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता सेवाएं मुहैया कराने के लिए टीआईएसएस कैंपस में एक विधिक सेवा समाधान केन्द्र स्थापित किया है। विधिक सेवा समाधान केन्द्र ने 1 सितम्बर, 2014 में अपने उद्घाटन से लेकर अब तक 63 मामलों को सुविधाएं प्रदान की हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए ओडिशा के तीन जिलों में तीन विधिक सहायता समाधान केन्द्रों की स्थापना की है। इन समाधान केन्द्रों ने नवम्बर, 2014 में अपने उद्घाटन से लेकर अब तक विधिक सुविधा प्रदान करने के लिए 183 मामले लिए हैं।

6) झारखंड में सामान्य सेवा केन्द्र नेटवर्क के प्रयोग द्वारा विधिक सुग्राहीकरण – इस परियोजना में आल्टारनेटिव फॉर इंडिया डेवलेपमेंट की सहभागिता से झारखंड के तीन जिलों में सी एस सी नेटवर्क का प्रयोग करके विधिक सुग्राहीकरण परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना ने 19,034 लोगों को उनके विभिन्न अधिकारों/हकदारियों के बारे में जागरूक किया है और 1,900 मामलों में सहायता प्रदान की है।

7) ओडिशा में वन अधिकारों पर विधिक सुग्राहीकरण – इस परियोजना में अन्तोदय की सहभागिता से कालाहांडी जिला, ओडिशा के जनजाति लोगों को उनके वन अधिकारों और हकदारियों के संबंध में सुग्राही बनाया जा रहा है। इस परियोजना ने लगभग 180 सामुदायिक अधिकार स्वयंसेवकों को तैयार किए हैं और वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के बारे में 13,534 जनजाति लोगों को सुग्राही बनाया है। इस परियोजना द्वारा 910 पात्र मामलों में उनके अधिकारों और हकदारियों के लिए सहायता प्रदान की गई है और सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उनके मामलों का प्रतिनिधित्व किया गया है।

8) न्यायालय कक्षों को महिला अनुकूल बनाना – दिल्ली में पार्टनर्स फॉर लॉ एंड डेवलेपमेंट का चयन विशेष न्यायालयों का इस संबंध में अध्ययन करने के लिए किया गया है कि न्यायालय प्रक्रियाएं किस हद तक महिला अनुकूल हैं। इस प्रायोगिक अध्ययन में बलात्कार के मामलों में न्यायालय कक्ष प्रक्रियाओं की महिलाओं के प्रति

संवेदनशीलता की जांच उन प्रणालियों की पहचान करने के उद्देश्य से की जाएगी जो महिलाओं के प्रति संवेदनशील हैं और साथ ही साथ जो यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए प्रतिकूल हैं। इस परियोजना का समग्र उद्देश्य यह जांच करना है कि न्यायालय कक्ष प्रक्रियाएं बलात्कार के विचारण में विधि शास्त्र द्वारा स्थापित मानकों के कितनी अनुरूप हैं और साथ ही यह पता लगाना है कि न्यायालयों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए सिफारिशें करने हेतु क्यो आदर्श प्रक्रियाएं होनी चाहिए। इस अध्ययन की व्यापक रिपोर्ट मार्च, 2015 में आने की संभावना है।

9) प्रशिक्षित यूनाईटेड नेशन्स वालन्टियर्स की सेवाओं से सहायता प्राप्ति ओडिशा एसएलएसए/डीएलएसए – जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के कार्य को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य– से ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को 11 कौशल प्राप्त लीगल यूनाईटेड नेशन्स वालन्टियर्स की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

10) उत्तर प्रदेश और मध्यय प्रदेश में सामुदायिक विधिक सुग्राहीकरण पहलें –परियोजना के तहत राज्य ग्रामीण विकास संस्थामन, उत्तर प्रदेश की सहभागिता से अक्तूबर, 2014 से उत्त रप्रदेश के बाराबंकी जिले में समुदाय स्तरीय विधिक सुग्राहीकरण पर एक योजना कार्यान्वित की जा रही है। इसी प्रकार, भारत ज्ञान विज्ञ समिति सितम्बर, 2014 से मध्य प्रदेश के सिहोर जिले में समुदाय स्त्री विधिक सुग्राहीकरण का कार्यान्वतयन कर रही है। दोनों परियोजनाएं पूर्व तैयारी चरणों पर हैं और वास्तविक कार्यान्वनयन अगले वर्ष से हो पाएगा।

11) परियोजना उन्नयन (स्केल–अप) पहलें – इस परियोजना में ओडिशा में पीएलवी की प्रायोगिक परियोजना के कार्यान्वयन और पैनल वकीलों के प्रशिक्षण के पश्चात, अन्य राज्यों में भी कुछ गतिविधियां प्रारंभ की गई हैं। इस संबंध में मध्य प्रदेश में 200 पीएलवी को प्रशिक्षण देने का सेन्टिम लर्निंग लिमिटेड से संपर्क किया गया है और महाराष्ट्र में 200 पीएलवी को प्रशिक्षण देने के लिए युवा रूरल एसोसिएशन से संपर्क किया गया है। इस दिशा में, एक्शन एंड लर्निंग से ओडिशा में 100 डीएलएसए पैनल वकीलों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संपर्क किया गया है। सभी तीनों परियोजनाएं पूर्व तैयारी चरणों पर हैं और वास्तविक कार्यान्वयन अगले वर्ष से हो पाएगा।

12) विधि स्कूलों में विधिक शिक्षा और विधिक सहायता समाधान केन्द्रों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय परामर्श – कटक में 11–12 जनवरी, 2014 को एक राष्ट्र स्तरीय परामर्श आयोजित किया गया था जिसमें स्टेट बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया और विधि स्कूलों में विधिक शिक्षा और विधिक सहायता समाधान केन्द्रों के सशक्तिकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

13) राष्ट्रीय न्यायिक संस्थाकन ओटावा, कनाडा का दौरा करने वाले शिष्टतमंडल के साथ संक्षिप्तो वार्ता सत्र – नवंबर 2013 माह में राष्ट्रीय और राज्य न्यायिक अकादमियों, न्याय विभाग और यू एन डी पी के निदेशकों के एक शिष्ट मंडल ने राष्ट्रीय न्यायिक संस्थान, ओटावा, कनाडा में एक सुगठित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस एक्सपोजर दौरे की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में 23 जनवरी, 2014 को एक डी–ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया था। डी–ब्रीफिंग रिपोर्ट तैयार कर ली गई और सभी सहभागियों के साथ उसे साझा किया गया है।

(vi) न्याायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययनः

न्याय विभाग द्वारा स्थायी वित्त समिति के अनुमोदन से सितम्बर, 2013 में न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन हेतु एक योजनागत स्कीम तैयार की गई थी। विभाग ने इस स्कीम को सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को परिचालित किया और उनसे प्रस्ताव आमंत्रित किये। परियोजना स्वीकृत समिति की पहली बैठक 26 अगस्त, 2014 को आयोजित की गई थी। पी एस सी की पहली बैठक में रखे गए 6 प्रस्तावों में से तीन प्रस्ताव अनुमोदित किये

गए। पीएससी के निर्णय के अनुसार तीन संस्थाओं से आवश्य क सूचनाएं प्राप्त हो गई हैं तथापि समेकित वित्त प्रभाग के अनुमोदनार्थ उक्त प्रस्तावों को रखने के लिए यू जी सी के दिशानिर्देश प्रतिक्षित हैं। इसी दौरान पीएससी के समक्ष रखने के लिए छः अतिरिक्त प्रस्तावों पर कार्रवाई चल रही है। पीएससी की दूसरी बैठक जनवरी, 2015 में आयोजित की गई थी।

(vii) ग्राम न्यायालयः

ग्राम न्यायालय अधिनिमय, 2008 में उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में, मध्यमवर्ती पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना की परिकल्पना की गई है जहां पर उक्त अधिनियम लागू होता है। अब तक 10 राज्यों ने 194 ग्राम न्यायालय अधिसूचित किए हैं। इनमें से 159 ग्राम न्यायालयों ने मध्य प्रदेश (89), राजस्थान (45), महाराष्ट्र (10), उड़ीसा (12), हरियाणा (2) और पंजाब (1) राज्यों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। अब तक ग्राम न्यायालय योजना के अंतर्गत इन राज्यों 3749.00 लाख रु. की धनराशि जारी हो चुकी है।

योजना के कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दिनांक 7 अप्रैल, 2013 को मुख्यमंत्रियों एवं उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में चर्चा की गई थी। सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ–साथ, यह निर्णय लिया गया कि जहां कहीं व्यवहार्य हो, उनकी स्थानीय समस्याओं पर गौर करते हुए ग्राम न्यायालयों की स्थापना के प्रश्न पर राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों को निर्णय लेना चाहिए। ग्राम न्यायालय योजना के अंतर्गत उन ताल्लुकों को कवर करने पर विशेष ध्यान दिया जाए जहां नियमित न्यायालयों की स्थापना नहीं की गई है।

(viii) विधिक सहायता राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा) (योजनेत्तर):

विधि एवं न्याय मंत्रालय नाल्सा को अनुदान सहायता स्वीकृत करता रहा है। वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 82.65 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई और वर्ष 2015–16 के लिए 145.00 करोड़ रुपए (योजनेतर) की धनराशि का प्रस्ताव किया गया है।

1 अप्रैल, 2014 से 30 सितम्बर, 2014 की अवधि के दौरान 76,557 लोक अदालतों का आयोजन किया गया था इन लोक अदालतों में 34.37 लाख से अधिक मामले निपटाए गए। लगभग 46,768 मोटर वाहन दुर्घटना संबंधी मामलों में 894.85 करोड़ रुपए के मुआवजे का निर्णय दिया गया है।

दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालतः भारत के उच्चतम न्यायालय से लेकर ताल्लुक न्यायालयों तक के सभी न्यायालयों में मामलों के निपटान हेतु पूरे देश में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नाल्सा के तत्वाधान के तहत दिनांक 06.12.2014 को किया गया। उच्चतम न्यायालय से लेकर ताल्लुक न्यायालयों तक, लोक अदालत की खण्डपीठों की बैठकें सफल रहीं हैं और उनमें अनेक लंबित मामलों का निपटान किया गया है जिससे पूरे देश में मामलों की लंबितता में लगभग 9 प्रतिशत की कमी आई है।

(ix) कुटुम्ब न्यायालय (योजनेतर) : 2013–14 में कुटुम्ब न्यायालय (योजनेतर) के तहत बजट अनुमान में 5.00 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था और वह बिहार राज्य सरकार को जारी किया गया था। वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 5.00 करोड़ रुपए के बजट अनुमान में से 3.75 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को जारी किये गए थे और 1.00 करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को जारी किये गए थे। वर्ष 2015–16 के लिए योजना हेतु प्रस्तावित बजट अनुमान 5.00 करोड़ रुपए है।

अध्याय–5

वित्तय समीक्षा और व्यय की प्रवृत्ति

1. बजट अनुमानों/ संशोधित अनुमानों की तुलता में व्यय की समग्र प्रवत्तियों को शामिल करते हुए वित्तीय समीक्षा (स्कीम–वार) का विवरण अनुलग्नक–VII में दिया गया है।

योजनागत स्कीम (प्रस्तावित)

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	योजनागत स्कीम का नाम	बजट अनुमान 2014–15	संशोधित अनुमान 2015–16	28.02.2015 तक व्यय
1.	राज्य सरकारों को सहायता अनुदान–मुख्य शीर्ष 3601 लघुशीर्ष 04.891–न्याय का प्रशासन–40 केन्द्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) को अनुदान–01–न्यायपालिका की अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के लिए पूर्वोत्तर राज्यों से इतर अन्य राज्यों को अनुदान।	782.39	842.39	842.39
2	संघ राज्यस क्षेत्र सरकारों (विधानमंडल सहित और रहित) को सहायता अनुदान–मुख्य शीर्ष 3602 लघु शीर्ष 04.891–न्याय का प्रशासन–40 केन्द्री प्रायोजित योजना (सीएसएस) को अनुदान–01 न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं हेतु अनुदान	60.00	0.00	0.00
3	पूर्वोत्तर राज्यों को सहायता अनुदान–अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के लिए मुख्य शीर्ष 2552	93.60	93.60	93.60
4	ग्राम न्यायालयों की स्थापना के लिए राज्यों को सहायता मुख्य शीर्ष 2014	0.01	3.01	0.00
5	राष्ट्रीय मिशन–कार्य योजना का कार्यान्वयन	5.00	0.01	0.00
6	न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान एवं अध्ययन	5.00	1.00	0.00
7	न्याय तक पहुंच भारत सरकार	8.00	4.66	1.83
8.	न्याय तक पहुंच – बाह्य सहायता प्राप्त	5.00	7.59	6.39
	जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण (ई न्यायालय चरण–।)	58.00	35.00	3.01
	जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण (ई न्यायालय चरण–।।)	60.00	0.01	0.00
	मॉडल न्यायालयों की स्थापना (अभी अनुमोदित किया जाना है)	26.00	0.01	0.00
	कुल	**1103.00**	**987.28**	**947.22**

न्या.य विभाग 75:25 अंशदान पैटर्न के आधार पर न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अनुदान जारी करता है। पूर्वोत्तर राज्यों के संबंध में अनुदान 90:10 आधार पर उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राम न्यायालय के प्रथम तीन वर्षों के संचालन के संबंध में प्रति ग्राम न्यायालय एकमुश्त अनावर्ती व्यय के रूप में 18.00 लाख तथा आवर्ती व्यय के रूप में 3.2 लाख रु. की दर पर मुहैया कराई जाती है।

न्यायपालिका हेतु अवसंरचनात्मक सुविधा का विकास संबंधी केन्द्र प्रायोजित योजना (सी एस एस) और ग्राम न्यायालय योजना के संबंध में लंबित उपयोग प्रमाणपत्रों का विवरण अनुलग्नक–VIII में दर्शाया गया है।

अध्याय–6

सांविधिक और स्वायत्त निकायों के कार्य–निष्पादन की समीक्षा

विधि कार्य विभाग विधि के विषयों पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए विधि के क्षेत्र में शोध कार्य करने वाले कतिपय संस्थानों को सहायता अनुदान प्रदान करता है। ऐसे संस्थानों के कार्य–निष्पादन का विवरण निम्नलिखित हैः –

1. संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थांन

संवैधानिक एवं संसदीय अध्यदयन संस्थानन की स्थापना भारतीय संविधान के कार्यकरण और उसके सर्वांगीण विकास के संदर्भ में संवैधानिक और संसदीय अध्ययन के लिए और उसे प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दिनांक 10 दिसंबर, 1965 को की गई थी। यह विभाग इस संस्थातन को सहायता अनुदान प्रदान करता रहा है। वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान दिनांक 31.1.2015 तक इस संस्थान को 99.49 लाख रुपये की धनराशि निर्मुक्त की गई है।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, संस्था1न की निम्नलिखित गतिविधियां रही हैंः–

डिप्लोटमा पाठ्यक्रमः

यह संस्थाीन संसदीय फैलोशिप कार्यक्रम और दो डिप्लोममा पाठ्यक्रम संचालित करता है, एक संवैधानिक कानून में तथा दूसरा संसदीय संस्थाओं और प्रक्रियाओं में। संस्थान द्वारा संचालित 3 पाठ्यक्रम स्नातकोत्तर अंशकालिक पाठ्यक्रम हैं और तीनों एक–एक वर्ष के हैं। तीनों पाठ्यक्रमों की कक्षाएं शाम को संस्थान परिसर में लगती हैं।

चालू अकादमिक वर्ष 2014–15 के लिए इन तीनों पाठ्यक्रम के दाखिले जून–जुलाई, 2014 में किए गए थे, जिनमें कुल 47 छात्रों को नामांकित किया गया था। छात्रों के लाभ के लिए जुलाई, 2014 के अंतिम सप्ताह में आयोजित किए गए एक प्रवेश कार्यक्रम के पश्चात दिनांक 02 अगस्त, 2014 से इन पाठ्यक्रमों की कक्षाएं चलाई जा रही हैं।

पत्रिकाएंः

संस्थाान ने दो त्रैमासिक शोध पत्रिकाएं अर्थात 'जर्नल ऑफ कांस्टिट्यूशनल एंड पार्लियामेंटरी स्टडीज' (अंग्रेजी में) और 'लोकतंत्र समीक्षा' (हिंदी में) प्रकाशित कीं। ये दोनों पत्रिकाएं संस्थान के प्रतिष्ठित और बहु–संदर्भित प्रकाशन हैं, जिनका अंग्रेजी में आईएसएसएनः 0022–0043 और हिंदी में आईएसएसएनः 0024–595 एक्सक है।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, दोनों पत्रिकाओं के जनवरी–जून 2014 के अंकों को संपादित किया गया है और उन्हें शीघ्र प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही, दोनों पत्रिकाओं के जुलाई–दिसम्बर के अंकों के संपादन का कार्य चल रहा है।

2. भारतीय विधि संस्थान

भारतीय विधि संस्थान (आई.एल.आई) देश का एक प्रमुख विधि शोध संस्थान है। इसकी स्थापना वर्ष 1956 में हुई थी। संस्थान के उद्देश्य हैं– विधि के विज्ञान का विकास करना, विधि को सामाजिक–आर्थिक विकास और आम लोगों की आवश्यकताओं से जोड़ने के लिए विधिक शोध के क्षेत्र में उच्च अध्ययन को बढ़ावा देना, विधि की प्रणालीबद्धता को सुनिश्चित करना, विधि शिक्षा प्रणाली में अन्वेषण करना और उसे प्रोत्साहित करना और किए गए अध्ययनों को पुस्तकों के रूप में और पत्रिकाओं में प्रकाशित करना। भारत के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इस संस्थान

के पदेन अध्यक्ष हैं। इस संस्थान को भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की दिनांक 29.10.2004 की अधिसूचना सं. एफ.9–9/2001–यू.3 के तहत वर्ष 2004 में मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। यह विभाग भारतीय विधि संस्थान को सहायता अनुदान प्रदान करता रहा है। संस्थान को वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान दिनांक 31.01.2015 तक 81.75 लाख रुपये की धनराशि निर्मुक्त की गई है।

अकादमिक कार्यक्रमः वर्ष 2004 में मानित विश्वविद्यालय घोषित किए जाने के पश्चात, इस संस्थाान ने शोधपरक एलएल.एम कार्यक्रम शुरू किया। एलएल.एम. कार्यक्रम में दाखिला पूर्णतः योग्यता के आधार पर होता है, जो प्रत्येक वर्ष आयोजित एक सामान्य प्रवेश परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के जरिये होता है। वर्तमान में संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अकादमिक कार्यक्रमों और उनमें दाखिल छात्रों की संख्या का विवरण निमन्लिखित हैः–

अकादमिक कार्यक्रम	**दाखिल छात्रों की संख्या (31.12.2014 को) (अकादमिक सत्र, 2014–15)**
एलएल.एम. – 1 वर्ष (पूर्णकालिक)	25
एलएल.एम. – 2 वर्ष (पूर्णकालिक)	37
स्नातकोत्तर डिप्लोतमा पाठ्यक्रम (वैकल्पिक विवाद समाधान, कारपोरेट विधि और प्रबंधन, साइबर विधि और बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार विधि)	191
विधि में पीएच.डी.	05
छात्रों की कुल संख्या	258

- संस्थान में एक पीएच.डी. कार्यक्रम है, जिसमें इस समय 24 छात्र नामांकित हैं।
- संस्थान बौद्धिक सम्पत्ति अधिकार और साइबर विधि में तीन माह की अवधि के ई–लर्निंग प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम भी चलाता है। उपर्युक्त अवधि के दौरान ऑन–लाइन साइबर विधि के बैच सं. 17, 18 और 19 तथा ऑन–लाइन आई.पी.आर. पाठ्यक्रम के बैच सं. 28, 29 और 30 पूरे हुए।

जारी किए गए शोध प्रकाशन

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, संस्थान द्वारा निम्नलिखित शोध प्रकाशन जारी किए गएः–

- **जर्नल ऑफ द इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट (जेआईएलआई):** यह त्रैमासिक पत्रिका है और इसमें अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में विधि के क्षेत्र के महत्वपूर्ण सामयिक विषयों पर शोध आलेख प्रकाशित किए जाते हैं।
- **आई.एल.आई. न्यूजलेटरः** यह भी त्रैमासिक प्रकाशन है और इसमें संस्थान की तिमाही के दौरान की गतिविधियों और आगामी गतिविधियों का विवरण प्रकाशित किया जाता है।
- **विधि पत्रिकाओं की अनुक्रमणिकाः** यह वार्षिक प्रकाशन है और इसमें संस्थान के पुस्तकालय द्वारा प्राप्त की जा रही विधि और उससे संबंधित क्षेत्रों की पत्रिकाओं (इयर बुक और अन्य वार्षिक प्रकाशनों सहित) की अनुक्रमणिका प्रकाशित की जाती है।
- **दस्तावेजों का डिजिटीकरणः** भारतीय विधि संस्थुान ने अपने प्रकाशनों और दुर्लभ दस्तावेजों के 2.5 लाख से अधिक पृष्ठों का डिजिटीकरण किया है और वे डीवीडी के रूप में उपलब्ध हैं।

भारतीय विधि संस्थान की गतिविधियां (संगोष्ठियां/सम्मेलन/प्रशिक्षण/कार्यशालाएं/दौरे/विशेष व्याख्यान)

- कारपोरेट शोध परियोजना के लिए अपने कारपारेट लॉ दौरे पर भारत आए इरेमस स्कूल ऑफ लॉ, इरेमस विश्वविद्यालय, रोटरडम, नीदरलैंड के छात्र दिनांक 03.04.2014 को संस्थाकन देखने आए।
- दिनांक 04.04.2014 को विमल चंद्र लॉ कालेज, मुर्शिदाबाद के छात्र आए।
- नेपाल के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री कल्याण श्रेष्ठ के नेतृत्व में नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 29.05.2014 को भारतीय विधि संस्थान का दौरा किया।
- दिनांक 14.06.2014 को दिल्ली में एलएल.एम कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।
- न्यारयाधीन मामलों पर विचार व्यक्त करने से बचने की आवश्यकता पर दिनांक 21.06.2014 को कटक में एक संगोष्ठीय का आयोजन किया गया।
- भारतीय विधि परियाजना के नवीकरण के बारे में भूटान के मुख्यि न्यायमूर्ति माननीय ल्योवन्पोन सोनम तोब्देए से चर्चा करने के लिए प्रो0(डा0) एस. शिवकुमार ने दिनांक 26.06.2014 को भूटान के उच्चतम न्यायालय का दौरा किया।
- दिनांक 10.08.2014 को पीएच.डी. के लिए प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। पीएच.डी. कार्यक्रम, 2014 में प्रवेश के लिए मेरिट के आधार पर पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया।
- हुगली मोहसिन कालेज, प0 बंगाल के छात्रों ने दिनांक 27.08.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा/न्यूयार्क के शिक्षा के आधार के विशेष प्रतिवेदक श्री किशोर सिंह ने दिनांक 02.09. 2014 को संस्थान का दौरा किया।
- मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लक्ष्मनणगढ़, राजस्थान के छात्रों ने दिनांक 09.09.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- दुर्गापुर विधि महाविद्यालय, पश्चिम बंगाल के छात्रों ने दिनांक 15.09.2014 को संस्थान का भ्रमण किया।
- दिनांक 19–20 सितम्बर, 2014 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ मिलकर कारागार के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17.10.2014 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ मिलकर वृद्धाश्रमों और किशोर सुधारगृहों के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 01.11.2014 को प्रवर्तन निदेशालय के साथ मिलकर धनशोधन निवारण अधिनियम के अधीन अभियोजन शिकायत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति अनिल आर. दवे ने किया।
- संस्थान ने दिनांक 10.12.2014 को 'मानवाधिकारः सामयिक मुद्दे और चुनौतियां' विषय पर अपने प्रथम वार्षिक विधि सम्मेलन का आयोजन किया।

- संस्थान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से दिनांक 20–21 दिसम्बर, 2014 को न्यायिक अधिकारियों के संवेदीकरण के लिए एक सम्मेरलन का आयोजन कर रहा है।

- भारतीय विधि संस्थान के संकाय सदस्यों /छात्रों के साथ बारह विशेष व्याख्यानों/चर्चाओं का आयोजन किया गया।

शोध परियोजनाएंः

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन.आई.ए.), गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने संस्थाओं को 'आतंकवाद से संबंधित मामलों का सार–संग्रह और एक आदर्श जांच व प्रक्रिया मैनुअल' तैयार करने की एक परियोजना सौंपी है, जिस पर कार्य चल रहा है।

- 'इलाहाबाद उच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्याायालय में लंबित मुकदमों का अर्थ और वर्तमान स्थिति' विषय पर न्याय विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा सौंपी गई परियोजना पर कार्य चल रहा है।

- केंद्रीय जांच ब्यूरो अकादमी, गाजियाबाद ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और कानून का प्रवर्तन करने वाली अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करने के लिए 'विधि के शासन की प्रमुखता' विषय पर एक माड्यूल विकसित करने की परियोजना सौंपी है।

- भारतीय विधि का पुनर्कथनः भारत के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति और भारतीय विधि संस्थान के अध्यक्ष ने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष करों, संवैधानिक विधि और दंड विधि की बाबत 'भारतीय विधि के पुनर्कथन के लिए समितियां' गठित की हैं।

3. अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्रक (आईसीएडीआर)

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन दिनांक 31 मई, 1995 को पंजीकृत हुआ था। यह भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग के तत्वावधान में एक स्वायत्त संगठन है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और हैदराबाद और बंगलूरू में इसके क्षेत्रीय केन्द्र हैं। इसकी स्थापना विवाद समाधान की वैकल्पिक पद्धतियों को प्रोन्नत करने, उन्हें लोकप्रिय बनाने और उनका प्रचार–प्रसार करने के लिए की गई है ताकि विवादों का शीघ्र समाधान हो सके और न्यायालयों में लंबित मामलों का भार कम किया जा सके।

2. माध्यस्थम मामले

(i). नई दिल्ली में इस केन्द्र को अब तक माध्यस्थम के लिए 48 मामले प्राप्त हुए हैं, जिनमें 3 अंतरराष्ट्रीय मामले और सुलह के लिए 4 मामले शामिल हैं। माध्यस्थम अधिकरणों द्वारा माध्यस्थम के 39 मामलों को निपटाया गया है और शेष 9 मामलों की सुनवाई चल रही है।

(ii). अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र को भारत सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से उन मामलों में मध्यस्थों की नियुक्ति हेतु अनेक अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं जिनमें वे पक्षकार हैं। अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र भारत सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मध्यस्थों की नियुक्ति के लिए मध्यस्थों के पैनल सुलभ कराता रहा है।

(iii). केंद्र के नई दिल्ली और हैदराबाद स्थित कार्यालयों के माध्यस्थम हालों का मामूली प्रभारों के भुगतान पर सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा प्राइवेट पक्षकारों द्वारा माध्यस्थम के मामलों का संचालन

करने के लिए उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के मुख्यालय भवन में अक्टूबर, 2005 से 15 दिसम्बर, 2014 तक विभिन्न मंत्रालयों और अन्य पक्षकारों के मध्यस्थों द्वारा 577 मामलों की सुनवाई की गई है और अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र द्वारा नियुक्त किए गए मध्यस्थों द्वारा 429 सुनवाइयां की गई हैं। इसी प्रकार, वर्ष 1999 से 15 दिसम्बर, 2014 तक हैदराबाद के क्षेत्रीय कार्यालय में मध्यस्थों द्वारा 710 सुनवाइयां की गई हैं।

3. संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम/व्यायख्यान/डिप्लोमा पाठ्यक्रम

उपरिलिखित अवधि के दौरान, अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने एक अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस, मध्यवगता और वैकल्पिक विवाद समाधान में चार प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दो संगोष्ठियां आयोजित की हैं और एडीआर(2014) तथा एफडीआर (2014) के अपने स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को जारी रखा है।

4. करार

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने निम्नलिखित विदेशी संगठनों के साथ सहयोग के करार किए हैं:–

(क) जेनेवा के विश्व बौद्धिक संपत्ति संगठन का आरबिट्रेशन एंड मीडिएशन सेंटर

(ख) थाई आरबिट्रेशन इंस्टीट्यूट, बैंकाक

(ग) कोरियन कामर्शियल आरबिट्रेशन बोर्ड, सियोल (कोरिया)

(घ) चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ आरबिट्रेटर्स, लंदन, और

(ड.) एसोसिएशन आफ आरबिट्रेशन कोर्ट्स ऑफ उजबेकिस्तान

उपर्युक्त) करारों में तीन क्षेत्र शामिल हैं, अर्थात सूचना का पारस्परिक आदान–प्रदान, कार्यवाहियों के संचालन में परस्पर सहायता करना तथा प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियों के आयोजन में एक दूसरे की सहायता करना।

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने निम्निलिखित संगठनों के साथ भी सहयोग के ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए हैं:–

(1) सिंगापुर इंटरनेशनल आरबिट्रेशन सेंटर के सहयोग से इंटरनेशनल काउंसिल आफ कंसल्टेंट्स (आईसीसी) और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल (सीआईडीसी) के साथ संयुक्त रूप से वैकल्पिक विवाद समाधान को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने के लिए।

(2) इंडिया सीआईएस चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, नई दिल्ली के साथ मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय और घरेलू वाणिज्यिक संव्यवहारों से उत्पन्न होने वाले विवादों के समाधान के तरीकों के तौर पर मध्यस्थ और मध्यस्ता को लोकप्रिय बनाने के लिए।

अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने निम्नलिखित संगठनों के साथ भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं:–

(1) वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र, कोच्चि, केरल के साथ केरल में वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने और मध्यगता व माध्यमस्थ पर संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम/संगोष्ठियां/सम्मेालन आयोजित करने तथा वैकल्पिक विवाद समाधान के क्षेत्र में शोध अध्ययन करने के लिए।

(2) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से वैकल्पिक विवाद समाधान, पारिवारिक विवाद समाधान में नियमित आधार पर और निकटवर्ती शिक्षा, दोनों प्रकार से स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने तथा माध्यस्थम व मध्यस्ता में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए।

(3) दामोदरम संजीवैय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (डीएसएनएलयू), विशाखापत्तनम के साथ इस समझौता ज्ञापन के तहत, दामोदरम संजीवैय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के सहयोग से विशाखापत्तनम में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) में स्नातकोत्तर डिप्लोसमा पाठ्यक्रम (6 माह का नियमित पाठ्यक्रम) चलाएगा।

(4) अंतरराष्ट्रीय वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र ने जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, ओ0पी0 जिंदल ग्लोबल यूनीवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा (भारत) के साथ भी एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के क्षेत्र में संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जाएगा तथा नए पाठ्यक्रमों के जरिये वैकल्पिक विवाद समाधान के शिक्षण–प्रशिक्षण व शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।

अनुलग्नक–I
(अध्याय–1 पैरा–3)
विधि और न्याय मंत्रालय (विधि कार्य विभाग)
संगठन का चार्ट



संकेत सूची

सं. स. एवं नि. स.	संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार
अभि. निद.	अभियोज्य निदेशक
व.स.अ.	वरिष्ठ अधिवक्ता
उ.वि.स.	उप विधि सलाहकार

अनुलग्नक–II
(अध्याय–I पैरा–4)



अनुलग्नक–III

(अध्याय–I पैरा 6)

न्याय विभाग (मुख्य) का संगठनात्मक चार्ट



अनुलग्नक–IV
(अध्याय–II भाग – II पैरा–2)
मंत्रालय/विभाग का नाम : विधि एवं न्याय मंत्रालय (न्याय विभाग)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	लक्ष्य/परिणाम	वर्ष 2015–16 के लिए परिव्यय				परिमाणपरक सुपुर्दगियों	संभावित परिणाम	प्रक्रिया/समय–सीमा	टिप्पणियां
			मुख्य शीर्ष राजस्व	योजनेतर	योजनागत	अनुपूरक अतिरिक्त बजटीय प्रावधान				
	1	2	3		4		5	6	7	8
1.	न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं हेतु राज्यों को सहायता अनुदान	यह प्रावधान, जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायालय भवनों तथा न्यायाधीशों एवं न्यायिक अधिकारी के रिहायशी परिसरों के निर्माण के लिए है।	3601	0.00	443.69	0.00	जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायालय भवनों और न्यायाधीशों एवं न्यायिक अधिकारियों के रिहायशी आवासों का निर्माण।	अधीनस्थ न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास न्याय प्रदायगी एवं विधिक सुधार संबंधी राष्ट्रीय मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस स्तर पर किसी परिणाम का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।	इस योजना के अंतर्गत गतिविधियां पूरे वर्ष चलाई जाती हैं। तथापि, राज्य सरकारों से परामर्श करके राष्ट्रीय मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के संबंध में इस अनुदान का प्रयोग पूरे वित्त वर्ष के भीतर करना होता है।	इस योजना के तहत राज्य सरकारों द्वारा निधियों का उपयोग किया जाना उत्साहवर्धक रहा है। राज्यों ने और अधिक केन्द्रीय आबंटन की मांग रखी है। इसके अतिरिक्त उच्चतम न्यायालय भी अखिल भारतीय न्यायाधीश एसोसिएशन बनाम भारत संघ के मामले में इस योजना के अंतर्गत हुई प्रगति की नियमित रूप से निगरानी कर रहा है जिससे कि अधीनस्थग न्यायालयों में अवसंरचना संबंधी कठिनाइयां दूर की जा सकें।
2.	न्यायपालिका के लिए अवसंरचना संबंधी सुविधाओं हेतु विधानमंडल सहित एवं रहित संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान।									

3.	पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभ हेतु परियोजनाओं/योजनाओं के लिए एक मुश्त प्रावधान	यह प्रावधान पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के लाभ हेतु उन परियोजनाओं/योजनाओं के लिए है जिनका विपथन विशिष्ट योजनागत स्कीमों को पूरा करने के लिए समुचित कार्यात्मक शीर्षों से किया जाएगा।	2552	0.00	56.30	0.00	लागू नहीं क्योंकि यह एक गैर–कार्यात्मक शीर्ष है और इस प्रकार के शीर्षों के संबंध में निर्धारित किए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए समुचित कार्यात्मक शीर्षों को निधियां अंतरित करने संबंधी प्रावधान मौजूद हैं।			
4.	ग्राम न्यायालयों की स्थापना और संचालन हेतु राज्यों को सहायता	यह नागरिकों को उनके समीप ही न्याय उपलब्ध कराने के लिए है।	3601	0.00	0.01	0.00	ग्राम न्यायालय अधिनियम के उपबंध के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा ग्राम न्यायालय द्वारा स्थापित और संचालन किया जाएगा।	ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके समीप ही कम खर्च में न्याय उपलब्ध हो सकेगा।	इस योजना के तहत गतिविधियां पूरे वर्ष चलाई जाती हैं तथापि, अनुदान को राष्ट्रीय न्याय प्रदायगी एवं न्यायिक सुधार मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों तथा राज्य सरकारों के परामर्श से न्यायिक सुधारों के संबंध में संपूर्ण वित्तीय वर्ष के दोरान उपयोग किया जाना होता है।	शून्य

5.	जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कंप्यूटरीकरण (ई–न्यायालय एमएमपी चरण– I)	ई–न्यायालय परियोजना का लक्ष्य देश में स्थित जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के वैश्विक कंप्यूटरीकरण द्वारा वादियों, अधिवक्ताओं और न्यायपालिका को अभिहित सेवा उपलब्ध कराना है इससे अन्य बातों के साथ–साथ मामलों का त्वरित निपटान, मामले की स्थिति से संबंधित सूचना का पारदर्शी प्रवाह सुगम हो सकेगा।	2014	0.00	2.00	0.00	14249 न्यायालयों में स्थल तैयारी तथा कंप्यूटर हार्डवेयर और लैन कनेक्टिविटी का प्रावधान, न्यायिक अधिकारियों और न्यायालय स्टाफ को आईसीटी प्रशिक्षण का प्रावधान, उन स्थानों में, जहां सॉफ्टवेयर मौजूद है, में लंबित मामलों से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि सहित एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर एवं वेब आधारित एप्लीकेशन का प्रावधान।	देश में वैश्विक कंप्यूटरीकरण द्वारा वादियों, अधिवक्ताओं और न्यायपालिका को अभिहित सेवा उपलब्ध कराने के लिए पूरे देश में जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों का कंप्यूटरकीण तथा न्याय प्रणाली में आईसीटी की उपस्थिति बढ़ाना।	वर्ष 2007 में सरकार ने 441.80 करोड़ रु. की लागत से 2 वर्ष की अवधि में 13348 जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण को अनुमोदित किया था। सितम्बर, 2010 में लागत ओर समय–सीमा में वृद्धि होने पर विचार करते हुए सीसीईएनए परियोजना लागत को संशोधित करके 935.00 करोड़ रु तथा 14249 न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण की समय–सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च, 2104 कर दिया। 31 मार्च 2014 की स्थिति के अनुसार 93 प्रतिशत से अधिक गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं। शेष गतिविधियों को पूरा करने के लिए सरकार ने परियोजना की समय–सीमा 31 मार्च, 2015 तक बढ़ा दी है।	शून्य

6.	ई–न्यायालय एमएमपी चरण–।।	परियोजना के चरण–।। में न्यायालयों में आईसीटी की उपस्थिति और बढ़ाना शामिल है।	2014	0.00	227.13	0.00	नए न्यायालयों, डीएलएसए/टीएलसी कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण, मौजूदा न्यायालयों में अतिरिक्त हार्डवेयर, एसजेए में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं ii कनेक्टिविटी में सुधार, क्लाउड कंप्यूटिंग, आईसीजेएस की तैयारी iii न्यायालय परिसरों में टच स्क्रीन और प्रिंटर सहित केन्द्रीकृत फाइलिंग केन्द्र और किओस्क iv अंकीकरण, दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली ज्ञान प्रबंधन उपकरण, संवर्धित प्रबंधन और न्यायिक ज्ञान प्रबंधन प्रणाली और v ई–फाइलिंग, ई–पेमेंट गेटवे और मोबाइल एप्लीकेशन, वादी–चार्टर आदि।	परियोजना के चरण–।। में कार्यान्वयन हेतु प्रस्तावित सभी पहलों और उपायों के समय का तथा नियोजित घटकों की स्थापना से सेवा चार्टर के अंतर्गत वादियों को विविध सेवाओं का मंच उपलब्ध हो सकेगा। सेवा चार्टर जहां तक संभव हो सके परियोजना के चरण–।। को वादी सेवा केन्द्रित बनाने के संबंध में एक आधारभूत मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के अंतर्गत परिकल्पित सेवाएं न्यायपालिका, नागरिकों, वादियों और अधिवक्ताओं सहित सभी हितधारियों को समान सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे।	ई–न्यायालय परियोजना के चरण–।। को 2764.90 करोड़ रु. की अनुमानित लागत के साथ 4 वर्ष की अवधि (पहले 3 वर्ष अवसंरचना एवं कार्यान्वयन चरण तथा चौथा वर्ष निष्पादन चरण) में पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।	ई–न्यायालय परियोजना के चरण–।। के लिए प्रसताव अनुमोदनार्थ व्यय वित्त समिति को प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव पर विचार करने के लिए व्यय वित्त समित की बैठक 29 सितम्बर, 2014 को आयोजित की गई थी और सचिव (व्यय) द्वारा विधिवत अनुमोदित बैठक का कार्यवृत्त वित्त मंत्रालय से 11 नवम्बर, 2014 को प्राप्त हो गया है।

